Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

मां कूष्माण्डा

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

शुभ नवरात्री

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 89 | मंगलवार, 01 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोदी सरकार पर सोनिया गांधी का हमला

# गरीब लोगों का 'शिक्षा का व्यावसायिक सांप्रदायिक व केंद्रीयकरण हो रहा'

**नई दिल्ली।**

सोनिया गांधी ने शिक्षा प्रणाली पर केंद्र की मोदी सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तीन सी (3) पर काम कर रही है। सरकार केंद्रीयकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकरण पर जुटी है। शिक्षा के क्षेत्र में इसके घातक परिणाम होंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने समाचार पत्र में लिखे सोनिया गांधी के लेख को सोशल मीडिया पर साझा किया। अपने लेख में सोनिया गांधी ने लिखा कि केंद्र राज्य सरकारों को समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले अनुदान को रोककर पीएम-श्री योजना को लागू करने का दबाव बना रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आलोचना की और कहा कि इस हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने देश के बच्चों और युवाओं



की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है। चिंता जाहिर करते हुए सोनिया गांधी ने लिखा कि पिछले 10 सालों में केंद्र सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सत्ता का केंद्रीकरण, शिक्षा में निवेश का व्यावसायीकरण, निजी क्षेत्र को आउटसोर्सिंग और पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम और संस्थानों का सांप्रदायिकरण किया है। सोनिया गांधी का मानना है कि केंद्रीकरण का सबसे अधिक नुकसानदायक असर शिक्षा के क्षेत्र में हुआ है। सोनिया गांधी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक सितंबर 2019 के बाद से नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों से बात नहीं करती है। उनके मुद्दों पर विचार भी नहीं करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव और लागू करते वक्त भी केंद्र ने राज्यों से एक भी बार बात करना उचित नहीं समझा। यह इस बात का सबूत है कि केंद्र अपने अलावा किसी अन्य की आवाज पर ध्यान नहीं देता है। सोनिया गांधी का आरोप है कि संविधान की समवर्ती सूची से जुड़े विषय पर भी चर्चा नहीं की गई। सोनिया गांधी का आरोप है कि सरकार का तीसरा जोर सांप्रदायिकरण पर है। शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से नफरत पैदा की जा रही है और उसे बढ़ावा दिया जा रहा है।

यह भाजपा और संघ के दीर्घकालिक वैचारिक प्लान का हिस्सा है। एनसीईआरटी के पाठ्यक्रमों में बदलाव किया जा रहा है। महात्मा गांधी की हत्या और मुगल भारत से जुड़े पाठों को हटा दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों में सरकार की विचारधारा के अनुकूल लोगों को नियुक्त किया जा रहा है।

### धमकाने वाली प्रवृत्ति भी बढ़ी

अपने लेख में सोनिया गांधी ने लिखा कि संवाद की कमी के साथ-साथ धमकाने की भी प्रवृत्ति बढ़ी है। उन्होंने पीएम-श्री योजना का जिक्र किया और कहा कि शिक्षा प्रणाली का तेजी से व्यावसायीकरण किया जा रहा है। इसकी झलक राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिखती है। 2014 से देशभर में 89,441 सरकारी स्कूलों को बंद और एकीकृत होते देखा गया है। वहीं 42,944 अतिरिक्त निजी स्कूलों की स्थापना हुई है। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि देश के गरीबों को सार्वजनिक शिक्षा से बाहर कर दिया गया है।

## ईद पर यूपी और राजस्थान में लहराए फिलिस्तीनी झंडे



**नई दिल्ली।**

ईद-उल-फितर पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार व राजस्थान सहित कई राज्यों में नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर वक्फ बिल के संशोधन का विरोध किया। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश के मेरठ और सहारनपुर और राजस्थान के बारां में फलस्तीन का झंडा लहराया गया।

मुरादाबाद में पुलिस से नोकझोंक के बाद नमाजियों ने जमकर हंगामा किया। अलबत्ता, ज्यादातर राज्यों में ईद का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। छिटपुट झड़प के बीच ईद की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। उत्तर प्रदेश में ड्रोन और सीसीटीवी से छतों की निगरानी की गई। सहारनपुर में मुस्लिम समुदाय ने जुलूस निकालकर फलस्तीन का झंडा लहराते हुए समर्थन में नारे लगाए।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फिर शुरू हुई मुठभेड़



**कठुआ।**

जम्मू-कश्मीर के अंतर्गत जिला कठुआ में पहले सन्याल, फिर सुफैन और अब सोमवार देर रात पंजतीर्थी क्षेत्र में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है, लेकिन इसकी पुष्टि अभी होना बाकी है।

जानकारी के अनुसार, रात करीब सवा दस बजे गश्त कर रहे सुरक्षाबल व आतंकियों का आमना-सामना हो गया। आतंकियों ने सुरक्षाबलों को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भई पॉजिशन ले ली। 15 मिनट तक दोनों तरफ से जमकर गोलीबारी हुई। इसमें 15 से 30 राउंड फायर किए गए। इसके साथ बिलावर से बड़ी संख्या में सुरक्षाबल मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए। यह क्षेत्र बिलावर तहसील में रामकोट पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है। माना जा रहा है घेर में वही तीन आतंकी फंसे हैं, जो सुफैन में अपने दो साथी आतंकियों के मारे जाने के बाद घटनास्थल से भाग निकले थे।

## मुंबई इंडियंस ने दर्ज की आईपीएल 2025 की पहली जीत



**नई दिल्ली।**

पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर 16.2 ओवर में 116 रन पर ही सिमट गई। जिसके जवाब में मुंबई ने 12.5 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस रन चेज में अहम भूमिका रियान रिकल्टन (62*) ने अर्धशतकीय पारी खेलकर निभाई। इससे पहले एमआई के लिए गेंदबाजी में डेब्यूटंट अश्विनी कुमार ने 4 विकेट झटके। आईपीएल 2025 का 12वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टक ने केकेआर को 8 विकेट से हराया। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस को सीजन की पहली जीत मिली है। जबकि केकेआर की ये लगातार दूसरी हार है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर 16.2 ओवर में 116 रन पर ही सिमट गई। जिसके जवाब में मुंबई ने 12.5 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस रन चेज में अहम भूमिका रियान रिकल्टन (62*) ने अर्धशतकीय पारी खेलकर निभाई। इससे पहले एमआई के लिए गेंदबाजी में डेब्यूटंट अश्विनी कुमार ने 4 विकेट झटके। जबकि दीपक चाहर को दो, बोल्ट, हार्दिक, विग्नेश और सेंटनर ने 1-1 विकेट चटकाए।

## BIYMXSXTECX शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका का संगठन बिम्सटेक की इस हफ्ते शुक्रवार (चार अप्रैल) को होने वाली बैठक में वर्ष 2030 तक के एजेंडे को अंतिम रूप दिया जाएगा। एजेंडे का प्रस्ताव तैयार करने के लिए दो अप्रैल को सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और तीन अप्रैल को विदेश मंत्रियों की अलग-अलग बैठक होने वाली है। इस एजेंडे को बैंकाक दृष्टिपत्र-2030 के नाम से जारी किया जाएगा। बिम्सटेक देशों के बीच अभी तक पांच शिखर सम्मेलन हो चुकी है लेकिन अभी तक किसी दृष्टिपत्र को जारी करने को लेकर सहमति नहीं बनी है। इसमें सदस्य देशों के बीच एक महत्वाकांक्षी कारोबारी समझौता भी शामिल है। अगर सदस्य देशों के बीच आपसी कारोबार को बढ़ाने को लेकर सहमति बन जाती है तो बंगाल की खाड़ी के



पास स्थित पांच दक्षिण एशियाई देशों व दो दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के बीच कारोबार को लेकर की जाने वाली पहली सहमति होगी। 2015 के बाद सार्क की कोई बैठक नहीं हो सकी इसके पहले दक्षिण एशियाई देशों के संगठन सार्क के तत्वाधान में दक्षिण एशिया क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौते (साफ्टा) को लेकर विमर्श हुआ था लेकिन यह बहुत आगे नहीं बढ़ पाया था। वर्ष 2015 के बाद सार्क की कोई बैठक नहीं हो सकी है। उसकी जगह भारत ने बिम्सटेक को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई है। आगामी शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। बिम्सटेक सचिवालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक आगामी बैठक में सदस्य देशों के बीच समुद्री मार्ग से यातायात करने को लेकर एक सहयोग स्थापित करने पर भी सहमति बनेगी। यह सहमित बंगाल की खाड़ी में इन देशों के बीच समुद्री मार्ग का कारोबार व यात्रा के लिए बेहतर तरीके से इस्तेमाल करने का रास्ता साफ होगा।

## थाइलैंड में 33 मंजिला टावर गिरने की जांच शुरू

**बैंकॉक**

थाई अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि शुक्रवार को आए भूकंप के कारण बैंकाक में निमार्णाधीन एक 33 मंजिला कार्यालय टावर आखिर क्यों ढह गया, जबकि इस प्राकृतिक आपदा ने राजधानी में कम क्षति ही पहुंचाई। इसका निर्माण चीन के बड़े इंजीनियरिंग ग्रुप की सहायक कंपनी चीन रेलवे नंबर दस और थाई निर्माण फर्म द्वारा किया जा रहा था। बैंकॉक के गवर्नर चदचार्ट सित्तिपुंट ने ध्वस्त टावर का दौरा किया। वहां भारी उपकरण 33 मंजिला राज्य लेखा कार्यालय की इमारत के मलबे को हटाने में लगे हुए थे ताकि 78 लापता लोगों को खोजा जा सके। गवर्नर ने कहा, "एक जीवन भी यदि बचाया जाता है तो सभी प्रयास सार्थक हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमें आगे बढ़ना चाहिए।"

## अप्रैल-जून में 15+ राज्यों में गर्मी का कहर

**नई दिल्ली।**

मौसम विभाग (कटऊ) ने मार्च खत्म होने से पहले ही देश के कई हिस्सों में 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुके तापमान के बीच इस साल भीषण गर्मी और लू को लेकर चेतावनी दी है। कटऊ के मुताबिक इस साल लू के थपेड़े दोगुने होंगे। अप्रैल-जून में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। 15 से अधिक राज्यों में गर्म हवाओं का कहर दिखेगा। मौसम विभाग की तरफ से जारी चेतावनी के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तीन महीने के दौरान 10 से 11 दिन लू चलेगी। जानिए आपके राज्य में कैसा रहेगा मौसम भारतीय



मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल से जून के बीच सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। इस साल फरवरी के अंत में ही कोंकण, तटीय कर्नाटक में गर्म हवाएं चलने लगी थीं। मार्च में ओडिशा समेत कई राज्यों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की खबरें आईं। अब मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य और पूर्वी भारत के अलावा उत्तर पश्चिमी मैदानी इलाकों में भी लू का जबरदस्त कहर रहने की आशंका है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में बदलते मौसम के प्रति सतर्क रहने को कहा। लू चलने वाले दिनों की संख्या पिछले साल से अधिक मौसम विभाग के मुताबिक देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की आसार हैं।

## आधी रात को दिल्ली की सड़कों पर उतरीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही सीएम रेखा गुप्ता लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। सोमवार देर रात उन्होंने समयापुर बादली एरिया में हो रहे सड़क निर्माण का जायजा लिया। आधी रात को मुख्यमंत्री को सड़कों पर उतरा देख लोग भी चौंक गए। बता दें कि बाहरी रिंग रोड पर समयपुर बादली पुलिस स्टेशन के सामने मध्य रात्रि सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी सड़क निर्माण का जायजा लेने खुद रेखा गुप्ता पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से भी बात की। रेखा गुप्ता ने कहा कि 'रिंग रोड के दोनों तरफ डेंस बिटुमिन का काम किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट 12.5 करोड़ की लागत है। आप लोग देख पा रहे हैं कि रिंग रोड को ठीक करने का काम चल रहा है। मधुबन चौक से लेकर मुकरबा चौक तक दोनों तरफ दो लेयर का काम किया जा रहा है।' सीएम ने कहा कि 'आने वाले समय से रिंग रोड से गड्ढों को हटाया जाएगा, ताकि एक साफ-सुथरी समतल रोड दिल्ली की जनता को मिल सके। रिंग रोड वह सड़क है, जो सबसे ज्यादा चलती है। हम लोग इस वक्त काम का उद्घाटन करने पहुंचे हैं।' उन्होंने कहा कि 12.5 करोड़ की लागत से यह काम किया जा रहा है। दिल्ली की जनता को बधाई कि वह अब इतने क्षेत्र को गड्ढामुक्त पाएंगे। इसके अलावा भी पूरी रिंग रोड के काम को हम करा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि बारिश से पहले हम रिंग रोड को पूरी तरह गड्ढा मुक्त कर दें। अभी कुछ दिन पहले दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा था कि पूरी दिल्ली में सारी सड़कों पर ही अतिक्रमण है। चाहे निगम की हो या पीडब्ल्यूडी की हो। हर जगह रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा कर रखा है।

**सड़क निर्माण का लिया जायजा**



## संपादक की कलम से

# एक सदन सडक पर


ललित शर्मा
संपादक

बस सडक पर, ड्राइवर सडक पर और 40 स्कूली बच्चों से भरी बस हादसे की ओर निकल पड़ी, लेकिन ऊपरी शिमला के एक छात्र आदित्य मेहता ने ब्रेक लगाकर प्रदेश की हर सुर्खी बटोर ली। इस क्षमता, दिमागी स्फूर्ति, चैतन्य भाव, बहादुरी का अंदाज और कुछ कर दिखाने का जज्बा अंततः एक ऐसी अनुकरणीय कहानी लिख गया, जो किसी पाठ्यक्रम से संभव नहीं। उधर सदन में चारित्रिक खोट निकालने की प्रवृत्ति ने भाषा ईजाद कर ली, लेकिन सफर पर निकले हिमाचल को अंततः सडक पर ही पटक दिया जा रहा है। हम आर्थिक संसाधनों की खराब बस पर अनियंत्रित खर्च की कहानी में ब्रेक लगाना भूल गए। क्या इसी बस पर सवार जनता अनिश्चित-असुरक्षित सफर को किसी दिशा में ले जाने के लिए अपनी अपेक्षाएं बदल पाएगी। हम व्यवस्था को कोसते हैं, लेकिन इसी व्यवस्था को नोचते हैं। हमारे सोच और विकास का दायरा, घोषणाओं की चाटुकारिता में यह भूल गया कि राज्य के हर पहलू में हमें हकीकत को अंगीकार करके प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। इसी परिप्रेक्ष्य में देखें तो सियासत के दरवाजे इतने बढ़ गए कि हिमाचली अस्तित्व की बस अपनी ही हवाओं का शिकार हो गई। सदन में कई बार जो बोलता, सडक पर नहीं सुनता और जहां सडक बोल रही है, सदन की कार्यवाही नहीं सुन रही। बीबीएन के कुछ युवाओं ने मुंडन करवा लिया। मुंडवा दिए सिर के बाल ताकि खबर हो, लेकिन शंका यह कि खबर होगी नहीं। बीबीएन की सडकें खराब हैं। वाहनों की ही नहीं, यात्रियों की भी चूलें हिल जाती हैं, छोटे से सफर पर। कई मांग पत्र लिखे गए, दरख्वास्तें बनी होंगी, लेकिन सफर पर निकले महकमे और बजट से निकले अर्थ को फुर्सत नहीं कि कुछ सुना जाए। ऐसे में अगर व्यवस्था मुंडन से जागने लगे, तो हजामत में कृत्रिम गंजापन हमारी वकालत हो जाएगा। हम चाहते हैं हर कुछ, हमारे सिर की खातिर हो जाए, लेकिन नागरिक अपेक्षाओं के सिर-धड़ की बाजी अब मुंडन संस्कार के आक्रोश तक पहुंच गई। मुंडन तो हिमाचल को भी करवाना पड़ रहा है। विधानसभा का पूरा सत्र और सत्र के बाहर विपक्ष का गुस्सा सिर्फ इसी बात पर निकल गया कि राज्य के बाल आखिर काटे किसने। ये कौनसी शक्तियां हैं जो पहाड़ों को समतल बना पा रही हैं और यह कौनसी सडक है, जहां से हर दिन एक साथ कई नई जेसीबी मशीनें अपने प्रतिज्ञा पत्र के साथ हिमाचल की हजामत करने आ रही हैं। आश्चर्य होता है कि सदन में मंत्री महोदय के पास आंकड़े होते हैं कि प्रदेश में कृषि और फलोत्पादन बढ़ गया या ग्रामीण आर्थिकी तरक्की कर गई, मगर बाहर सडक पर बाहरी प्रदेशों से उपभोक्ता वस्तुओं से लदे ट्रकों की कतार बिना ब्रेक के आ रही है। प्लेट पर रखी ब्रेड, तबे पर चपाती का आटा और कुकर में पक रही बासमती का झाड़ हमारे खेत से तो नहीं आया। हमारे खेत में तो रोज बंदर आता है, वह उगते हर दाने और मूली को उखाड़ हमीं से पूछता है, तुम किस खेत की मूली हो। हमारा खेत अगर मूली के भी काबिल नहीं, तो आवारा पशुओं की बढ़ती तादाद के मायने क्या हैं। हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और प्रदेश के कई अन्य जिलों का किसान अब अपने खेत से नहीं, मुफ्त के राशन से अपना पेट भर पा रहा है, तो किस्सा किस सदन से सुनें। क्या नए लोकसभा भवन के सदन से अपेक्षा करें या शिमला से तपोवन तक पहुंची विधानसभा के विस्तार से पूछें कि हिमाचल के जंगली जानवरों के सामने हमारे खेत की औकात क्या है। आश्चर्य यह कि प्रति व्यक्ति आय बढे के बावजूद प्रदेश अति कर्जदार हो रहा है।

## मोनिका डागा

## हे मातेश्वरी !

कविता



हे मातेश्वरी ! आपने सजाई मेरी,
इतनी सुंदर सी आंगनबाड़ी,
मातारानी आपकी कृपा से,
चलती है मेरी जीवन गाडी. ।

हे विन्ध्येश्वरी ! करती हूं मै,
पावन चरणों में नमन,
₹आनंद₹ सुख समृद्धि से,
जगमग रहे मेरा प्यारा सदन ।

हे परमेश्वरी ! अपने बच्चों पर,
रखना सदा दया, करूणा,
करते जगजननी विनती आपसे,
आप शिवप्रिया हो मात अन्नपूर्णा ।

हे राजराजेश्वरी ! भक्तों पर आप,
लुटाती हो खुशियां अपार,
आपको पूजता बहुविधि ये,
सारा संसार भरो सबका भंडार ।

हे परमेश्वरी ! क्षमा करना मेरे,
दैहिक दैविक भौतिक दोष,
विनती करते आपसे मैया,
भरपूर हो जीवन आनंद कोष ।

हे जगदीश्वर ! आप सदा ही,
शरणागत की रक्षा करती,
सच्चे भक्तों की प्रार्थनाएं,
कर स्वीकार अनंत सुख भरती ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नवरात्रि का चौथा दिन: मां कुष्मांडा की पूजा

## मां कुष्मांडा की पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि, भोग, मंत्र, आरती और महत्व

नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जाती है। मां कुष्मांडा सूर्य के समान तेज वाली हैं, माता के तेज से ही सभी दिशाओं में प्रकाश होता है। अन्य कोई भी देवी देवता इनके तेज और प्रभाव का सामना नहीं कर सकता। मा कुष्मांडा अष्टभुजा वाली देवी हैं, इनके सात हाथों में कमण्डलु, धनुष, बाण, कमलपुष्प, अमृतपूर्ण कलश ,चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। मान्यता है कि मां कुष्मांड़ा की पूजा करने से व्यक्ति का बुद्धि और विवेक बढ़ता है।

### मां कुष्मांडा का भोग

मां कुष्मांडा को कुम्हरा यानी के पेठा सबसे प्रिय है। इसलिए इनकी पूजा में पेठे का भोग लगाना चाहिए। इसलिए आप पेठे की मिठाई भी मां कुष्मांडा को आर्पित कर सकते हैं। इसके अलावा हलवा, मीठा दही या मालपुए का प्रसाद चढ़ाना चाहिए। पूजा के बाद मां कुष्मांडा के प्रसाद को स्वयं भी ग्रहण करे और लोगों में भी वितरित कर सकते हैं।




### मां कुष्मांडा पूजा मंत्र

सर्व स्वरूपे सवेर्शे सर्वशक्ति समन्विते।
भयेभ्य्स्त्राहि नो देवि कूष्माण्डेति मनोस्तुते।।
ओम देवी कूष्माण्डायै नम:।।

### मां कूष्मांडा की प्रार्थना मंत्र

सुरासम्पूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।

### मां कूष्मांडा की स्तुति मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।

### मां कूष्मांडा बीज मंत्र

ऐं ह्री देव्यै नम:।

### मां कुष्मांडा का पूजा विधि

मां कुष्मांडा की पूजा करने के लिए सुबह उठकर स्नान कर मंदिर की साज सज्जा करें। उसके बाद मां कुष्मांडा का ध्यान कर कुमकुम, मौली, अक्षत, लाल रंग के फूल, फल, पान के पत्ते, केसर और श्रृंगार आदि श्रद्धा पूर्वक चढ़ाएं। साथ ही यदि सफेद कुम्हड़ा या उसके फूल है तो उन्हें मातारानी को अर्पित कर दें। फिर दुर्गा चालीसा का पाठ करें और अंत में घी के दीप या कपूर से मां कूष्मांडा की आरती करें।

### मां कुष्मांडा की पूजा का शुभ मुहूर्त

- वैदिक पंचांग के अनुसार, मां चंद्रघंटा की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 40 मिनट से लेकर 12 बजकर 25 मिनट तक रहेगा।


### मां चंद्रघंटा पूजा का महत्व

मान्यता के अनुसार, नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा करने से व्यक्ति को शौर्य, पराक्रम और साहस की प्राप्ति होती है। माता रानी के आशीर्वाद से व्यक्ति जीवन की हर चुनौती का सामना करने की शक्ति मिलती है। इसके अलावा मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की पूजा और भक्ति करने से आध्यात्मिक शक्ति मिलती है।

### मां कुष्मांडा की आरती

कूष्मांडा जय जग सुखदानी।
मुझ पर दया करो महारानी।।
पिगंला ज्वालामुखी निराली।
शाकंबरी मां भोली भाली।।
लाखों नाम निराले तेरे।
भक्त कई मतवाले तेरे।।
भीमा पर्वत पर है डेरा।
स्वीकारो प्रणाम ये मेरा।।
सबकी सुनती हो जगदम्बे।
सुख पहुंचती हो मां अम्बे।।
तेरे दर्शन का मैं प्यासा।
पूर्ण कर दो मेरी आशा।।
मां के मन में ममता भारी।
क्यों ना सुनेगी अरज हमारी।।
तेरे दर पर किया है डेरा।
दूर करो मां संकट मेरा।।
मेरे कारज पूरे कर दो।
मेरे तुम भंडारे भर दो।।
तेरा दास तुझे ही ध्याए।
भक्त तेरे दर शीश झुकाए।।

# भारत के पड़ोसी देश नेपाल में बढ़ती जा रही है हिन्दू राष्ट्र की मांग


अशोक भाटिया

पड़ोसी देश नेपाल में आगजनी ,हिंसा और तोड़फोड़ का दौर एक बार फिर शुरू हो गया हैं। दो लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों घायल हुए है। हालात को कंट्रोल करने के लिये कई जगहों पर कर्फ़्यू लगाया गया। प्रदर्शनकारी वहां पर पुरानी राजशाही बहाली की मांग कर रहे है। वह फिर से नेपाल में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना की बात कर रहे है।

'महल खाली करो, हमारे राजा आ रहे...', इस तरह के नारे लगाते हुए नेपाल में राजशाही की वापसी की मांग को लेकर लोग सड़कों पर हैं और लगातार लोकतांत्रिक सरकार का विरोध कर रहे हैं। पुलिस प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठियां बरसा रही है। वहीं सेना भी मोर्चे पर तैनात कर दी गई है, लेकिन उग्र भीड़ का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। बताया जाता है कि हिंसा में कई लोग घायल हुए है व दो लोग मरे भी जा चुके है . दरअसल, नेपाल में 2008 तक राजशाही थी और नेपाल हिंदू राष्ट्र था। राजशाही खत्म होने के बाद सरकारें कुछ खास बदलाव नहीं कर सकी, इसके उलट नेपाल में पलायन बढ़ गया। आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। एक अनुमान के मुताबिक विश्व के करीब 52 से अधिक देशों में हिन्दू रहते है जिसमे भारत , नेपाल , फिजी , सूरीनाम और मारीशस में हिन्दू बहुसंख्यक है । नेपाल में भारत की सीमा से लगे एरिया में कई हिंदू संगठन सक्रिय हैं और उन्ही के द्वारा देश को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर अभियान चलाये जा रहे हैं। इन संगठनों में विश्व हिंदू परिषद और हिंदू स्वयं सेवक संघ बड़े नाम हैं। तराई क्षेत्र खासकर जनकपुर वाले हिस्से में इन संगठनों की सक्रियता ज्यादा नजर आ रही है और इनकी ओ? से की गईं ऐसी कई चीजें आपको दिखेंगी जो बताती हैं कि नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए यह लोग कितने सक्रिय हैं। पर बड़ा सवाल ये है कि आखिर धर्म निरपेक्ष से अचानक नेपाल 'हिंदू राष्ट्रवाद' की तरफ क्यों बढ़ने लगा ? इसको समझने के लिए पहले नेपाल के पुराने इतिहास को समझना जरुरी है । ईसा से करीब 1000 साल पहले नेपाल छोटी-छोटी रियासतों और कुलों के परिसंघों में बंटा था। गोरखा राजा पृथ्वी नारायण शाह ने 1765 में नेपाल की एकता की मुहिम शुरू की और 1768 तक इसमें सफल हो गए। यहीं से आधुनिक नेपाल का जन्म हुआ। राजवंश के पांचवे राजा राजेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने नेपाल की सीमा के कुछ इलाकों पर कब्जा किया। 1815 में लड़ाई छिड़ी, इसका अंत सुगौली संधि से हुआ। 1846 में राजा सुरेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में, जंग बहादुर राणा एक शक्तिशाली सैन्य कमांडर के रूप में उभरे। कुछ दिन बाद राजपरिवार ने उनके आगे घुटने टेक दिए और उन्हें प्रधानमंत्री बना दिया गया। इसके साथ ही इस पद को वंशानुगत मान लिया गया। 1923 में ब्रिटेन ने नेपाल के साथ एक संधि की और इसकी स्वतंत्रता को स्वीकार किया। 1940 के दशक में नेपाल में लोगों ने देश में लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया। तब भारत की मदद से राजा त्रिभुवन बीर बिक्रम शाह नए शासक बने। नेपाल के राजा ज्ञानेंद्र के समय में नेपाल में राजशाही के खिलाफ व्यापक आंदोलन शुरू हुआ। सन 1959 में राजा महेंद्र बीर बिक्रम शाह ने लोकतांत्रिक प्रयोग को समाप्त कर पंचायत व्यवस्था लागू की। 1972 में राजा बीरेंद्र बिक्रम शाह ने राजकाज संभाला। 1989 में लोकतंत्र के समर्थन में जन आंदोलन शुरू हुआ और राजा बीरेंद्र बीर बिक्रम शाह को सांवैधानिक सुधार स्वीकार करने पड़े। फिर मई 1991 में पहली बहुदलीय संसद का गठन हुआ। वहीं 1996 में माओवादी आंदोलन शुरू हो गया। एक जून 2001 को नेपाल के राजमहल में हुए सामूहिक हत्या कांड में राजा, रानी, राजकुमार और राजकुमारियां मारे गए। अब राजा के भाई ज्ञानेंद्र बीर बिक्रम शाह ने फरवरी 2005 में राजा ज्ञानेंद्र ने माओवादियों के हिंसक आंदोलन के दमन के लिए सत्ता अपने हाथ में ली और सरकार को बर्खास्त कर दिया। नेपाल में एक बार फिर जन आंदोलन शुरू हुआ और अब राजा को सत्ता जनता के हाथों में सौंपनी पड़ी और यहां संसद को बहाल करना पड़ा। 28 मई 2008 में संसद ने एक विधेयक पारित करके नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किया। हाल ही में अन्य धर्मों की आबादी बढ़ते देख हिंदू संगठन अब यहां ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। यही नहीं हर सरकार खुले या छिपे तौर पर नेपाल को हिन्दू राष्ट्र के तौर पर देखती है। नेपाली कांग्रेस में भी इसके समर्थन वाले लोग हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2018 में, 1,500 पार्टी प्रतिनिधियों में से लगभग आधे ने हिंदू राज्य के पक्ष में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके अलावा नेपाल सेना के पूर्व जनरल रुकमंगुद कटावल ने 2021 में ₹हिंदू पहचान बहाल करने₹ के लिए एक हिंदू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान शुरू किया। 20 हिंदू धार्मिक संगठनों ने मिलकर एक हिंदू राज्य की इच्छा जताई। नेपाल में 80 फीसदी हिन्दू और 10 ईसाई हैं पर यहां पिछले कुछ साल में धर्मांतरण के मामले बढ़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा समय में दक्षिण कोरिया और पश्चिम बंगाल के अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन धर्मांतरण में लगे हैं। अभी नेपाल में ईसाई आबादी तेजी से बढ़ी है। नेपाल में 2021 में हुई जनगणना की रिपोर्ट से पता चलता है कि यहां मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ रही है । नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मुताबिक, नेपाल में तब 2.367 करोड़ हिन्दू, जबकि मुस्लिम 23.945 लाख हैं । प्रतिशत के हिसाब से देखें तो नेपाल में अभी 81.19% हिन्दू हैं, दूसरे नंबर पर 8.21% अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म दूसरे नंबर पर हैं। मुस्लिम आबादी में यहां तेजी से इजाफा हो रहा है और इनकी जनसंख्या का प्रतिशत 5.09% है ।वहीं, 1.76% ईसाईहैं। 2011 में हिन्दुओं की जनसंख्या 81.3% थी, मतलब हिन्दुओं की जनसंख्या 0.19% कम हुई है। वहीं बौद्ध समाज जनसंख्या का 9% हिस्सा था, इस हिसाब से बौद्धों की संख्या भी 0.79% कम हुई है। वहीं 2011 में मुस्लिम आबादी 4.4% थी जो 0.69% बढ़ी है। ईसाई पहले 0 ।5% ही थे, जो अब 1 ।26% ज्यादा हो गए हैं । अपने पिछले कार्यकाल के दौरान नेपाल के पीएम केपी ओली ने हिंदू राष्ट्रवादी भावना को खूब हवा दी। वह काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा करने वाले पहले कम्युनिस्ट प्रधानमंत्री थे। उन्होंने मंदिर को 2. 5 मिलियन डॉलर का सरकारी धन भी दान दिया था। ओली ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित पूजा समारोह के बाद मैडी में राम की मूर्ति स्थापित की। दूसरी तरफ नेपाली कांग्रेस में भी कई ऐसे नेता हैं जो धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में नहीं हैं। नेपाली कांग्रेस प्रमुख शेर बहादुर देउबा ही जब भारत आए थे तो यहां उन्होंने वाराणसी का दौरा किया, जो एक प्रमुख हिंदू धार्मिक स्थल है। इसी तरह वर्तमान प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल ने अपनी भारत यात्रा के दौरान उज्जैन के एक मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा नेपाल सेना के पूर्व जनरल रुकमंगुद कटावल ने 2021 में ₹हिंदू पहचान बहाल करने₹ के लिए एक हिंदू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान शुरू किया। लगभग उसी समय, अन्य 20 हिंदू धार्मिक संगठन ने एक हिंदू राज्य के रूप में नेपाल की स्थिति को बहाल करने के लिए देवघाट में एक संयुक्त मोर्चा बनाया। भारत में हिन्दूत्व कार्ड लगभग सभी पार्टियों द्वारा खेला जाना और फायदा मिलना भी एक कारण है कि नेपाल का हर नेता इस कॉनसेप्ट में विश्वास रखता है। इस बार जो अशांति का माहौल है और उसके लिए चीन की दखलअंदाजी को जिम्मेदार माना जा रहा है, जिसने पहले भी किसी सरकार को हिमालयी देश में स्थिर होने की इजाजत नहीं दी है और लगातार अड़चनें पैदा की हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में, नेपाल में दंगा-रोधी पुलिस ने नेपाल के पूर्व राजा के हजारों समर्थकों को रोकने के लिए लाठियों और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जिन्होंने राजशाही की बहाली और देश की हिंदू राज्य की पूर्व स्थिति की मांग के लिए राजधानी के केंद्र तक मार्च करने का प्रयास किया था। प्रदर्शनकारी, राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के समर्थन में नारे लगाते हुए, काठमांडू में एकत्र हुए और शहर के केंद्र की ओर बढ़ने का प्रयास किया। हालांकि, दंगा-रोधी पुलिस ने उन्हें रोक दिया और बांस के डंडों से पीटने के साथ ही आंसू गैस और पानी की बौछार की, जिसमें दोनों पक्षों को मामूली चोटें आईं। समाचारों के अनुसार यह अशांति नेपाल में लगातार चीनी हस्तक्षेप के कारण ही है। उन्होंने एक भी सरकार को टिकने नहीं दिया। नेपाल के लोग बेचैन हैं क्योंकि यह चारों तरफ से दूसरे देशों की जमीन से घिरा देश है और बाकी दुनिया पर निर्भर है। स्थानीय जनता राजनीतिक दलों और राजनेताओं के भ्रष्ट आचरण के कारण पीड़ित हैं। अब वे चीन जाने को जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो उनकी संस्कृति में फिट नहीं है

# देवी महालोक माता विंध्यवासिनी का पावन धाम सलकनपुर

मध्यप्रदेश की ह्रदयस्थपली पुण्य सलिला मॉ नर्मदा नर्मदा के तट होशंगाबाद से सीहोर जिला सटा है। सीहोर जिले की बुदनी तहसील से २५ किलोमीटर दूरी पर और होशंगाबाद से 38 किलोमीटर दूरी पर विंध्याचल की खूबसूरत वादियों में प्रकृति ने अपनी अनमोल छटा बिखेर रखी है जहॉ देवीधाम सलकनपुर है। चारों ओर मनोहारी पर्वत श्रृंखलायें है जिनमें एक पर्वत पर मॉ विंध्यखवासिनी विजयासेन देवी का भव्यर मंदिर बना हुआ है। शारदीय और चैत्रीय नवरात्र में मॉ की चौखट पर माथा टेकने दूर दराज से लाखों लोग आते है और हरियाली से भरे इस 800 फीट ऊंचे पर्वत पर अलौकिक सौन्दौर्य के बीच मॉ की सुन्दर प्रतिमा के दर्शन, परिक्रमा, वन्दना, स्तुतिकर अपने मन की मुरादें पूरी पाते है। ऐतिहासिक रूप से पौराणिक कथाओं के आधार पर श्री नर्मदा परिक्रमा और नर्मदा तीर्थो का सेवन महाभारत काल से पूर्व से इस विजयासन शक्तिपीठ की प्रसिद्धि रही है। इस संदर्भ में स्कंद पुराण के अवंति खंडन के रेवाखण्ड में वर्णित नेमावर तीर्थ को नाभिक्षैत्र कहा है और उसके बाद जिस सिद्धेश्वसर वैष्ण वी देवी तीर्थ का उल्लेडख है वह विंन्ध्यिपर्वत पर विराजमान मॉ विजयासन देवी का स्थाजन है। कूर्म पुराण में तीर्थक्रम की व्यातख्याण में नर्मदा के उत्तर तट पर विंध्य ? पर्वत श्रेणी पर यशोदा जी की पुत्री का विराजित होना तथा सिद्धेश्वंरी के नाम से प्रसिद्ध होने का प्रमाण है। शिवपुराण में पार्वती के जन्म के पूर्व देवताओं ने जो प्रार्थना की उसमें विंध्यवासिनी,विजया, सिद्धेश्वनरी नाम से देवी का गुणगान किया है। भगवान श्रीकृष्ण की बहिन की स्तुंति एवं चर्चा विजया देवी के नाम से अनेक पुराणों में है जिससे स्पयष्ट है कि पौराणिक कथाओं के आधार पर नर्मदा क्षैत्रीय तीर्थ सलकनपुर में जो विजया



शक्तिपीठ है वह अतिप्राचीन और पौराणिक मान्यृताओं में देवीधाम सलकनपुर के विजयासन शक्तिपीठ की स्वीभूं घोषणा को प्रमाणित करता है। मान्याता है कि यह मंदिर 6000 साल पुराना है जहॉ जीर्णशीर्ण अवस्थां में पहुचने पर इस मंदिर का जीर्णोद्वार अनेक बार किया जा चुका है। इसकी व्यवस्था भोपाल नबाव के संरक्षण में होती थी तब वहॉ पर अखण्ड धूनी और अखण्ड ज्योति स्था्पित की जा चुकी थी जो सालों से आज भी प्रज्वलित है। गर्भगृह में देवी की प्रतिमा स्व्यंभू है जिसे किसी के द्वारा तराशा नहीं गया परन्तु बाद में चांदी के नेत्र एवं मुकुट आदि से देवी को सजाया गया है। विजयासन देवी की प्रतिमा के दॉये बॉये जो तीन संगमरमर की मूर्तिया है जिनके विषय में मान्यता है कि गिन्नौर किले के वीरान होने पर एक घुम्मकड़ साधु ने इन्हें यहॉ पर ले आया था। स्वतंत्र भारत की मध्यप्रदेश विधानसभा ने सन 1956 में इस मंदिर व्यवस्था का पृथक से अधिनियम बनाया जो 1966 में लागू हुआ तथा मंदिर की व्यवस्था प्रजातांत्रिक तरीके से गठित समिति के हाथों में आयी। सलकनपुर देवीधाम में जहॉ मॉ विजयासन का मंदिर है वह धरातल से 800 फुट की ऊंचाई पर है जिसमें पत्थर की 1065 सीढ़िया चढ़कर विंध्या चल पर्वत के उच्चासन पर विराजमान मॉ के दर्शन करने का लाभ प्राप्त ? होता है। 2003 के बाद मंदिर ट्रस्टू के द्वारा मंदिर तक पहुंचने के लिये पहाड़ी को काटकर सड़क मार्ग से व्यवस्था की है जिसमें 500 वाहन प्रतिदिन मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था है तथा उक्त वाहनों की पार्किग व्यवस्था भी की गयी है।

सलकनपुर देवीधाम पहुंचने के लिये रेलमार्ग द्वारा होशंगाबाद रेल्वे स्टेशन, बसस्टेण्ड सहित सीहोर जिले के बुदनी स्टेशन उतरकर वहॉ से बस द्वारा जाया जा सकता है। इसके अलावा माता के दर्शनो के लिये भोपाल से 70 किलोमीटर सड़क मार्ग से आया जा सकता है वही औबेदुल्लागगंज से 35 किलोमीटर सड़क मार्ग से भी मंदिर पहुंच सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

# भूतनाथ मार्केट क्षेत्र में जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के भूतनाथ मार्केट क्षेत्र में लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए 638 मीटर लंबे नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है सोमवार को लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत नाले का निर्माण भूतनाथ अंडरग्राउंड पार्किंग के सामने से शुरू होकर मेट्रो स्टेशन भूतनाथ होते हुए बेबीयन रेस्टोरेंट से लेखराज डॉलर के पास चौड़े नाले में जोड़ने तक किया जाएगा। यह कार्य जून के अंत तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे इस मानसून में लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। शिलान्यास कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद अशोक उपाध्याय, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा, जोनल अधिकारी आकाश कुमार, एठ अशोक यादव सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही। इसके अलावा, लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कपूर, भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद पाठक, उपाध्यक्ष नदीम खान समेत अन्य गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। *महापौर ने जलभराव से स्थायी समाधान का दिया आश्वासन महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि भूतनाथ मार्केट और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या वर्षों से बनी हुई थी, जिससे स्थानीय व्यापारियों और आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नाले के निर्माण से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा और आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में जलभराव की परेशानी नहीं होगी। क्षेत्रीय पार्षद अशोक उपाध्याय ने भी इस अवसर पर कहा कि यह नाला बनने के बाद स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कपूर और भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने इस कार्य के लिए नगर निगम और प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे मार्केट में व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल सकेंगी। महत्वपूर्ण परियोजना से उम्मीद की जा रही है कि भूतनाथ मार्केट क्षेत्र में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा और मानसून के दौरान आमजन को राहत मिलेगी।

# डॉ० संदीप के मुख्य आतिथ्य में होली मिलन समारोह एवं राई नृत्य का आयोजन

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** मन्नू बाबा सेवा समिति सुभासगंज के तत्वाधान में सुभाष गंज में होली मिलन समारोह में राई नृत्य और फूलों की होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर आयोजक मंडल द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विधिवत पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, कार्यक्रम में सर्वप्रथम बुंदेली कलाकारों दीपा एवं सहयोगियों द्वारा बुंदेलखंडी राई नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं आगंतुकों द्वारा करतल ध्वनि के साथ कलाकारों का अभिवादन किया गया। कलाकारों द्वारा अतिथिगण एवं आगंतुकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया गया, साथ ही कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज साहू एवं मनोज रेजा उपस्थित रहे कार्यक्रम में मजदूर भाईयों का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्तजनों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा होली रंगों से भरा त्यौहार है जो हमारे जीवन में खुशहाली लेकर आता है। साथ ही यह असत्य व अधर्म पर भक्ति व सत्य की जीत का प्रतीक पर्व है। हमारे त्योहारों से संबंधित कथाओं में जीवन जीने की शैली का संदेश दिया गया है हमें उनका अपने जीवन में समावेश करना चाहिये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप से आयोजक समिति से हरेंद्र सक्सेना, मनमोहन साहू, हिमांशु पाठक, करन विश्वकर्मा, विकास पाल, टिल्लू श्रीवास, मुन्ना, प्रदीप कुमार साहू, अर्जुन यादव आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, राजू सेन, संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने दी ईद और नवरात्रि की बधाई



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर/ छतारी।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट जियाउर्रहमान ने सोमवार को ईद उल फितर के अवसर पर लोगों से मिलकर ईद की बधाइयां दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड. जियाउर्रहमान ने अपने गांव नारऊ स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा की और लोगों से गले मिलकर ईद की बधाइयां दी। साथ ही जियाउर्रहमान ने क्षेत्र के गांव टुंडाखेडा, बरकातपुर, जलालपुर, छतारी, गंगागढ़ में लोगों से मुलाकात की और हिंदू मुस्लिम दोनों समुदायों को ईद के साथ साथ नवरात्रि की भी शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एड. ने कहा कि ईद मोहब्बत और समर्पण का पर्व है। ईद आपसी रंजिशो को भूलकर गले मिलने का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पवित्र महीना भी संयम और धर्म पर चलने की सीख देता है। त्यौहार आपसी एकजुटता और मोहब्बत का पैगाम देते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ माबूद प्रधान, मुनाजिम खान सोनू, फरियाद खान, अकरम खान, सुरेंद्र उपाध्याय, नितिन पंडित, कमल सिंह प्रधान, पुनीत यादव, साजिद खान, असलम मिस्त्री, आशु शर्मा, फिरोज खान, फकीरा खान, ऋषि गौतम, एमपी शर्मा, शखावत खान, डॉ चाहत आदि रहे।

## सांड से बाइक टकराने से युवक की मौत

**शिकारपुर।** मेरठ बदायूं हाईवे पर शिकारपुर तहसील के निकट युवक की बाइक रास्ते में सांड से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार गांव रुंसी निवासी दीनदयाल पुत्र छोटेलाल निवासी 23 वर्षीय घायल हो गया। युवक को लोगों ने स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव रुन्सी निवासी दीनदयाल पुत्र छोटेलाल व उसका भाई कपिल पुत्र छोटेलाल नोएडा से बाइक द्वारा अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में शिकारपुर तहसील के पास अचानक खेत से सांड निकल उसकी बाइक के सामने आ गया जिससे तेज रफ्तार बाइक सांड से टकरा गई और अनियंत्रित होकर गिर गई और दीनदयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई व राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल दीनदयाल को शिकारपुर सीएचसी पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके भाई कपिल ने बताया कि दोनों भाई बाइक द्वारा गांव में परिवार में हुई मौत में शामिल होने जा रहे थे।

# ईद पर पुलिस की बेहतर व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया,लईक सैफी



**टाण्डा जिला रामपुर।** टाण्डा में पुलिस प्रशासन की पूरी सतर्कता के साथ ईद-उल-फितर का त्योहार सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के चलते किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी।पुलिस की बेहतर व्यवस्था के लिए शिक्षकों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रभारी निरीक्षक को सम्मानित किया।

रविवार की शाम ईद का चांद नजर आते ही बाजारों में अचानक खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग ईद की तैयारियों में जुट गए, जिससे बाजारों में रौनक बढ़ गई। हालांकि, ऐसे अवसरों पर शरारती तत्वों द्वारा उत्पात मचाने और मोटरसाइकिलों से हुड़दंग करने की आशंका बनी रहती है, जिससे खासतौर पर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है।इसी के साथ मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या उतपन्न हो जाती है। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने पूरी मुस्तैदी के साथ सुरक्षा व्यवस्था को नियंत्रित किया। पुलिस बल लगातार मुख्य मार्गों और बाजारों में गश्त करता रहा, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं फैलने पाई। सोमवार को ईद के मौके पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह पुलिस बल के साथ लगातार गश्त करते रहे, वहीं एसडीएम कुमार गौरव और सीओ कीर्तिनिधि आनंद स्वयं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पुलिस की इस सतर्कता के चलते चांद रात और ईद-उल-फितर का पर्व शांति एवं सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। पुलिस की बेहतर व्यवस्था और चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंधों से नगरवासियों ने राहत महसूस की। शिक्षक मोहम्मद लईक, सईद रहमानी,मोहम्मद मुईद और डॉक्टर अम्माद आदि ने प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह को गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद प्रकट किया।

# उपजा के पदाधिकारियों की बैठक हुई संपन्न



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) जनपद बुलन्दशहर के पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक का आयोजन काले आम चौराहे पर स्थित मलका पार्क में किया गया।

बैठक में जिला अध्यक्ष माधव शर्मा एवं जिला महामंत्री दीपक शर्मा द्वारा अवगत कराया गया। कि यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) जनपद बुलन्दशहर की कमेटी ( यूनिट) तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है। जिला स्तर, तहसील और ब्लाकों पर दोबारा से कमेटी गठित की जाएगी।

इस बैठक में जिला अध्यक्ष माधव शर्मा,जिला महामंत्री दीपक शर्मा,जिला कोषा अध्यक्ष नंदकिशोर लोधी, जिला उपाध्यक्ष, मोहित कौशिक, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, उपस्थित रहे।

# झुमका तिराहे पर भीषण आग से तीन दुकानों में लाखों का समान जल का हुआ खाक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के समीप झुमका तिराहे पर सोमवार करीब 12 बजे तीन दुकानों में अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सीबीगंज पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। आपको बता दें कि बरेली दिल्ली हाइवे स्थित झुमका तिराहे पर रामद्वार गेट के पास पेट्रोल पंप के बराबर में परसाखेड़ा निवासी हबीब खां की परचून और इलेक्ट्रॉनिक्स की दो अलग-अलग दुकानें हैं। इनके ठीक बगल में तहसील खान की किराना की दुकान भी है। दोपहर करीब 12 बजे हबीब खां की परचून की दुकान में अचानक आग लग गई, जिसने तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स और तहसील खान की किराना दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। तीनों दुकानें पेट्रोल पंप के बराबर में स्थित हैं, जिससे हादसे का खतरा और भी बढ़ गया।

# गर्मी में पशुओं के खान-पान पर दें विशेष ध्यान: डॉ. ब्रिजेश सिंह

वेलकम इंडिया



**बेलहर, संतकबीरनगर:** उत्तर प्रदेश सरकार पशुओं की देखभाल और उनकी सुविधाओं के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके तहत शासन द्वारा संचालित पशु अस्पतालों के साथ-साथ पशुधन विकास मंत्रालय भी जागरूकता अभियानों को बढ़ावा दे रहा है। वर्तमान में डायल 1962 सेवा पशुपालकों को घर पर बेहतर एवं विशेष सेवाएं प्रदान कर रही है। इसके अलावा, तैनात पशु चिकित्सक समय-समय पर पशुपालकों को पशुओं की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हैं। चुका है, मार्च के अन्तिम सप्ताह में ही गर्मी और लू का असर दिखने लगा है। ऐसे में पशुओं की विशेष देखभाल आवश्यक हो जाती है। पशुओं के लिए मेंहदावल क्षेत्र में जारी सहायता नंबर डायल 1962 पर कॉल करने पर शासन द्वारा निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस सेवा के तहत तैनात चिकित्सक डॉ. ब्रिजेश कुमार सिंह और सहायक सूरज कुमार ने बताया कि जब भी कोई पशुपालक 1962 नंबर पर कॉल करता है।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में किया महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सोमवार को जिला हिसार के अग्रोहा स्थित मेडिकल कॉलेज के परिसर में महाराजा अग्रसेन जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया और कॉलेज में नव-निर्मित आईसीयू कक्ष का उद्घाटन तथा और पीजी हॉस्टल की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में 20 फीट ऊंची और 800 किलोग्राम वजनी महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया गया है। प्रतिमा का निर्माण फाइबर ग्लास और माइल्ड स्टील से किया गया है, जिस पर करीब दो करोड़ रुपये की लागत आई है। प्रतिमा के नीचे 10 फीट ऊंचा प्लेटफार्म बनाया गया है, जिससे इसकी भव्यता और अधिक प्रभावशाली नजर आती है। महाराजा अग्रसेन की इस प्रतिमा का अनावरण क्षेत्र में एक नई ऐतिहासिक पहचान स्थापित करेगा। महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसाइटी अग्रोहा की स्थापना 8 अप्रैल, 1988 को हुई थी। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्व. ओ.पी. जिन्दल का सपना इसे चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता का केंद्र बनाना था। आज यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। आज उद्घाटन किए गए नव-निर्मित आईसीयू आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। इससे गंभीर मरीजों को त्वरित एवं सटीक उपचार उपलब्ध होगा। इस आईसीयू ब्लॉक में 32 बेड हैं और इसके निर्माण पर 3.5 करोड़ की लागत आई है। इसके अलावा, पीजी हॉस्टल के शिलान्यास के साथ ही मेडिकल छात्रों को आवासीय सुविधा का विस्तार मिलेगा।

# संजीव कुमार बने उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ बागपत के अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बागपत के सारथी हॉल में उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ शाखा बागपत का द्विवार्षिक निर्वाचन सम्पन्न हुआ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा बागपत के जिलाध्यक्ष व निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार ने संघ के सदस्यों से आपसी विचार-विमर्श कर निर्वाचन की घोषणा की। प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी पदों पर एक-एक निर्वाचन आवेदन प्राप्त होने से सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में सेवानिवृत्त चरणजीत को संरक्षक, प्रधान सहायक संजीव कुमार को अध्यक्ष, प्रधान सहायक सतेन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ सहायक दिलीप कुमार को मंत्री-सचिव, वरिष्ठ सहायक किशोर कुमार को कोषाध्यक्ष, प्रधान सहायक राजेन्द्र कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के उपरान्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन बागपत राघवेन्द्र सिंह ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर अभिनन्दन किया और निर्वाचित सदस्यों को अपने कार्यालय कक्ष में शपथ दिलायी। निर्वाचित नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन कर्मचारी संघ शाखा बागपत ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पालन करेंगें और सभी को साथ लेकर चलेंगें। अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित जनपद बागपत की जानी-मानी हस्तियों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# खेलों को में पक्षपात व राजनीतिक अखाड़ा नहीं देंगे बनने : कैप्टन जसविंदर सिंह मीनू बेनीवाल

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : मोरनी पंचकूला 31 मार्च हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ द्वारा भारतीय साइकलिंग महासंघ के बैनर तले 21वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइकिलिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन हरियाणा ओलंपिक संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर सिंह ऊर्फ मीनू बेनीवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में जो साईकलिंग ट्रैक की कमी है उसको जल्द पूरा करवाने का काम करेंगे ताकि अगली बार हरियाणा में भी ट्रैक की प्रतियोगिताएं हो पाए। वहीं उन्होंने कहा कि खेलों में पक्षपात तथा जो लोग राजनीतिक अखाड़ा रखते हैं उसको दूर करते हुए हरियाणा में सर्व समिति ओलंपिक संघ का गठन हुआ है जिसमें स्कूल कॉलेज अधिकारी खिलाड़ी सब शामिल किए गए। वहीं उन्होंने कहा कि इस स्थान पर पूरे देश के खिलाड़ी पहुंचे और जिस तरह की मेहनत नीरज तंवर ने की है और आप लोगों का सहयोग रहा तो चौथी बार भी यही प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें हरियाणा ओलंपिक संघ की का अहम योगदान होगा। साइकलिस्टो का हौसला बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमिताभ सिंह ढिल्लों पहुंचे और यहां उन्होने पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा खेल को पूरे देश में एक साथ विकसित करने के लिए प्रयास हो जिससे युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे। उन्होंने कहा कि साइकलिंग जहां पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है उन्होंने कहा मोरनी में खूबसूरत वादियां है इस स्थान को बचाए रखने के लिए मौजूदा पीढ़ी भी अपना योगदान दे रही है उन्होंने पौधारोपण करके कहा पर्यावरण और पौधारोपण को पैसे या तरक्की से आकलन नहीं किया जा सकता अगर आज एक पेड़ हम लगा देते हैं तो 25 वर्ष के बाद पैसे से नहीं खरीदा जा सकता। वह समय और खूबसूरती ही बताएगी उन्होंने पर्यावरण पर भी संरक्षण पर भी बल दिया। इस मौके पर हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# हिंदू नव वर्ष पर आरएसएस ने माधव नगर में निकाला पथ संचालन




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माधव नगर मथुरा का हिंदू नव वर्ष के अवसर पर घोष के साथ पथ संचालन निकाला। माधवपुरी शिशु मंदिर में महोली रोड पर सैकड़ो स्वयंसेवक ने पूर्ण गणवेश में वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया और उसके बाद माधवपुरी शिशु मंदिर महोली रोड पर सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्रित हुए और अरुण जी विभाग प्रचारक ने सभी को संबोधित किया। उसके बाद शिव कुमार ने रचना बनवाकर महोली रोड से बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज होते हुए जनकपुरी में होकर पुनः शिशु मंदिर पर संचलन संपन्न हुआ उसके बाद जलपान हुआ।

# ठाकुरश्री गौरांग कृष्ण महाराज का 42 वां पाटोत्सव एवं पंडित चंद्र हंस पाठक का 41वां विरह उत्सव 02 अप्रैल को



**वेलकम इंडिया**

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** रमणरेती क्षेत्र स्थित भागवत निवास में रैस्पैक्ट ऐज इंटरनेशनल (अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति) के तत्वावधान में ठाकुरश्री गौरांग कृष्ण महाराज का 42वां पाटोत्सव एवं श्रीश्री 108 पंडित चंद्र हंस पाठक का 41वां विरहोत्सव 02 अप्रैल 2025 को विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि 02 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस महोत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य ठाकुरश्री गौरांग कृष्ण महाराज एवं श्रीश्री 108 पंडित चंद्र हंस पाठक के चित्रपट का पूजन-अर्चन होगा।पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दोपहर 12 बजे तक संतों-विद्वानों के प्रवचन होंगे।जिसमें प्रख्यात संत एवं धमार्चार्य भाग लेंगे।तत्पश्चात संत, ब्रजवासी, वैष्णव भोज (वृहद भंडारा) आदि होगा। महोत्सव के संयोजक डॉ. गिरीश चंद्र गुप्ता, श्रीमती बीना गुप्ता, श्रीमती उर्मिला अग्रवाल एवं समस्त शिष्य मंडल ने सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं से इस महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

# गणगौर की विदाई के साथ उमंग और उत्साह का पर्व सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**चिड़ावा। 31 मार्च।** राजस्थान का प्रमुख लोक पर्व गणगौर का बनोरा ओर लोकगीतों की मधुर स्वर लहरी के साथ सोलह दिन से चल रहा उमंग और उत्साह का दौर आज गणगौर की विदाई के साथ सम्पन्न हुआ।

इतने व्यस्त जीवन में आज भी लोक परंपराओं के प्रति महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।शहर में वार्ड नंबर 14 मे स्थित सुगन कुटीर में धरा धाम इंटरनेशनल द्वारा नव विवाहिता श्रृति पंवार एवं युवतियों, महिलाओं को सिंजारा स्वरूप मिठाई और उपहार दिए गए।

सोमवार को नवविवाहिता श्रृति पंवार के साथ किशोरियों एवं महिलाओं ने गणगौर की सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की और किशोरियो ने गणगौर के लोक गीतों की मधुर स्वर लहरी पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।इस अवसर पर कमलेश पंवार, लक्ष्मी पंवार, बबीता देवी, ममता शर्मा, प्रिया पंवार, सोनू बिनाबरा ,यशस्वी, यशिका ने सांयकाल गणगौर को परम्परागत लोकगीतों के साथ पोदार पार्क स्थित कुएं में विसर्जन किया। इसे गणगौर को ससुराल भेजना भी कहा जाता है।वहीं सखी सहेली ग्रुप प्रमुख सुमन सोनी के निर्देशन में किरण जांगिड़ के आवास पर ग्रुप की महिलाओ ने गणगौर महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया।नव विवाहित दिव्या शर्मा ने साथ किशोरियों ने गणगौर की पूजा अर्चना की। इस मौके पर सुमन सोनी, शमीर्ला बराला ,कमलेश पंवार ,सुनीता शर्मा, लक्ष्मी पंवार, अनीता जांगिड़, ममता शर्मा, शर्मा ,कौशल्या शर्मा ,बबीता जांगिड़, रेवती चौधरी, कविता जांगिड़,किरण जांगिड़ ,सहित अन्य महिलाए मौजूद रही।



# भाकियू टिकैत ने जनपद मथुरा में किया संगठन बिस्तार

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जनपद मथुरा में भाकियू टिकैत ने जिलाध्यक्ष मथुरा चौ धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में संगठन का बिस्तार करते हुए,जादोपुर निबासी रामगोपाल तोमर को जिला सचिब मथुरा, बरारी निबासी श्री बिनीत उपाध्याय को सदर तहसील प्रभारी ,जादौपुर,बलदेव निबासी कैप्टन बच्चू सिंह को तहसील अध्यक्ष महावन,सिहोरा निबासी युवराज गंधार को तहसील महासचिव महावन,नगला राधा फरह निबासी श्री सरदार सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष फरह ,सेलखेड़ा निबासी धारा सिंह को ब्लॉक सचिब बलदेव,बरौली निबासी शैतान सिंह को प्रबक्ता केम्प कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया। नव नियुक्ति पदाधिकारियों की नियुक्ति पर प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश व प्रभारी मध्य प्रदेश गजेंद्र सिंह ,प्रमुख महासचिब आगरा मंडल जगदीश परिहार,प्रबक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा ,प्रचार मंत्री गिर्राज परिहार,जिला उपाध्यक्ष योगेश अस्थाना,ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव नीरेश कोयड, लालराम, धर्मवीर, रणधीर, भोला परिहार, पबन, बच्चू परिहार, महेश, मालिखन, राजवीर नेता जी, ओमप्रकाश प्रधान,अर्जुन प्रधान सहित सभी ने हर्ष व्यक्त किया ।वही सदर तहसील प्रभारी विनीत उपाध्याय ने कहाँ की मे फरह ब्लॉक व तहसील सदर मे किसानों की हर समस्या को लेकर किसान भाइयो के साथ मिलकर समस्या का सामना करुगा, जनपद मथुरा मे किसानो की समस्या फरह ब्लॉक मे सबसे ज्यादा है।

# वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने किया मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



फिल्म उद्योग से जुड़े फिल्मकारों, कलाकारों व कामगारों के लिए वेस्टर्न इंडिया फिल्म एंड टीवी प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन एवं लायंस क्लब ऑफ मिलेनियम के संयुक्त तत्वाधान में पीछे दिनों अंधेरी (वेस्ट), मुम्बई स्थित माहेश्वरी भवन में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर जरूरतमंद लोगों और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें प्रसिद्ध डॉ. प्रेम अग्रवाल, डॉ. प्रतीक अग्रवाल और डॉ. पूजा अग्रवाल अपनी टीम के साथ लोगों की आंखों की जांच की और जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया । साथ ही मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन भी किया गया । इस अवसर पर वेस्टर्न इंडिया फिल्म एंड टीवी प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन की ओर से प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन पवन खेतान, महासचिव दिलीप दलवी, कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र मेहरा के साथ लायंस क्लब ऑफ मिलेनियम के सचिव आनंद अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल तथा वेस्टर्न इंडिया फिल्म एंड टीवी प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के कार्यकारी समिति सदस्य महावीर जैन, अंजना शर्मा, सुभाष दुरगकर, रवि सिन्हा, अनीता नाइक, दिनेश आशीवाल आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने कोषागार का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने रविवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के अवसर पर जिला कोषागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार में रखी बहुमूल्य सामग्रियों, महत्वपूर्ण पंजिकाओं और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी भटगांई ने कोषागार के एक तालक और दो तालक अनुभागों में सुरक्षित रखी गई कीमती वस्तुओं का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने इन वस्तुओं से संबंधित विभिन्न रजिस्टरों, जैसे पैडलॉक पंजिका और स्टाम्प पंजिका सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की वर्तमान स्थिति की वरिष्ठ कोषाधिकारी जितेंद्र चंद्र उपाध्याय, और सहायक कोषाधिकारी हरीश चंद्र जोशी विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कोषागार की समग्र व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कार्य सुचारू रूप से संचालित हो।इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न पटलों का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने कोषागार कर्मियों को वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और भविष्य में किसी भी वित्तीय अनियमितता को रोकने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी जितेंद्र चंद्र उपाध्याय, सहायक कोषाधिकारी हरीश चंद्र जोशी, विजय देऊपा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवामय गोवर्धन में गूंजे भारत माता के जयकारे



**वेलकम इंडिया**

**गोवर्धन।** रविवार को नव संवत्सर पर निकाली गई भगवा यात्रा ने माहौल को भगवामय कर दिया। प्रतिष्ठान हो या घर की छत, सभी पर भगवा लहराता रहा। हाथों में भगवा ध्वज लिए हिंदूवादी भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाते चल रहे थे। मुरारी कुंज से शुरू हुई यात्रा में श्रीराम, भारत माता, राणा सांगा सहित अन्य शहीदों की झांकी चल रही थीं। पटेबाज अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। देश भक्ति के गूंजते तराने और कदम कदम पर होती पुष्प वर्षा ने गोवर्धन पर्वत को देश प्रेम के सागर में डुबो दिया। जगह जगह भारत माता की आरती उतारी गई। श्याम सुंदर उपाध्याय, ज्ञानेंद्र राणा, गणेश पहलवान,गोपाल, हरवान सिंह, गौतम खंडेलवाल, लछमन ठाकुर, रोहताश जी, परशुराम ठाकुर,राकेश शर्मा, केशव मुखिया, हेमंत शर्मा, जुगल पटेल, बांके बिहारी, श्याम सुंदर उपाध्याय, कपिल सेठ, श्रेयस गुजराती, गौरव कौशिक, पंकज बोहरे, हेमंत शर्मा, विष्णु सैनी, निर्भय चौधरी, दीपक मिश्रा, सियाराम शर्मा, राम शर्मा, देव सूर्यवंशी, धीरज कौशिक आदि तमाम लोग मौजूद थे।

# हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पहुंचे मथुरा



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गौरव गौतम का राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चेतन स्वरूप पाराशर के आवास पर आना हुआ। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें जनता के हित के लिए कार्य कर रही हैं। भाजपा सरकार में व्यापारी महिलाएं छात्राएं किसान हर वर्ष के लोग सुरक्षित हैं। अपराधी या तो प्रदेश छोड़ चुके हैं या जेल के अंदर हैं। तमाम योजनाएं जनकल्याणकारी प्रदेश के लोगों के लिए चलाई जा रही है। इस दौरान पूर्व प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा के के गौतम , प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य लोकेश शर्मा , युवा भाजपा नेता नरेश शर्मा , मुन्ने ठाकुर, छैलबिहारी ठाकुर आदि नेता उपस्थित रहे ।

# टाण्डा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

**वेलकम इंडिया,लईक सैफी**



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर व क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। ईदगाह समेत प्रमुख मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई, जहां मुसलमानों ने मुल्क की तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए खुसूसी दुआएं कीं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। वहीं, नगर पालिका की ओर से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ईद की नमाज को लेकर मुसलमानों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही लोग नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचने लगे। ईदगाह में सुबह 8:00 बजे इमाम ए शहर मुफ्ती महमूद आलम ने ईद की नमाज अदा कराई। अपने खिताब में उन्होंने कहा कि सच्चा मोमिन कभी झूठ नहीं बोलता, वादा खिलाफी नहीं करता और अमानत में खयानत नहीं करता। उन्होंने इस्लाम की तालीम पर जोर देते हुए कहा कि मोमिन हमेशा अमन और भाईचारे का संदेश देने वाला होता है, न कि झगड़ालू और फसादी। उन्होंने शरीयत के खिलाफ जाने वाली बुराइयों, जैसे जिना और शराबखोरी से दूर रहने की ताकीद की। जामा मस्जिद में 8:30 बजे मौलाना मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने ईद की नमाज अदा कराई, जबकि थाने वाली मस्जिद में 9:00 बजे मौलाना निजामुद्दीन ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर पूरे नगर में उत्सव का माहौल रहा और लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देकर त्योहार की खुशियों को साझा किया।



# ईद-उल-फितर पर मांगी अमन चैन की दुआ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज अदा की गई

वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** सोमवार स्थित ईदगाह पर मौलाना आरिफ के द्वारा नवाज अदा कराई गई। करीरा रोड ईदगाह पर मौलाना अकील ने नवाज अदा कराई व क्षेत्र वासियों के लिए अमन चैन की दुआ मांगी तथा हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा एकता व देश की खुश हाली के लिए अल्लाह से दुआ की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी दीपक कुमार पाल, सीओ शिव ठाकुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। एहतियात के तौर पर ड्रोन से नगर क्षेत्र में निगरानी कराई गई इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा सभी ईदगाहों पर




साफ सफाई करा कर पानी का छिड़काव कराया गया तथा चूना आदि लगवाया गया, पानी आदि की व्यवस्था की कैंप लगाकर ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं दी। नमाज के दौरान सीओ शिव ठाकुर ने पुलिस बल के पुख्ता इंतजाम किए थे एसडीएम पल पल की ले रहे थे जानकारी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। नमाजियों के लिए हिन्दू समुदाय के लोगों ने जगह जगह पानी की व्यवस्था की गई थी वहीं इस तरह के कार्यों से हिन्दू मुस्लिम भाईचारा एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बसपा नेता इदरीस गाजी शिकारपुर बसपा विधानसभा अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह व परमानंद बौद्ध रालोद नेता चौधरी नरेश प्रधान सतीश गौतम सुरेन्द्र सिंह जमील गाजी डॉ कालीचरन, पूर्व सभासद सोनू गौतम चैनपुरा रामबाबू सिंह कालू सिंह ने मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर ईद की मुबारक बाद दी।

# जावेद जड़ोदिया के निवास पर पहुंचकर सपा, बसपा व अपना दल के पदाधिकारीयों ने दी ईद की मुबारकबाद

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़** जनपद हापुड़ के बुलंदशहर रोड पर स्थित करीमपुरा निवासी सपा जिला उपाध्यक्ष जावेद जडोदिया के निवास स्थान पहुंचकर सपा से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट ललित कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र जाखड़, जिला उपाध्यक्ष पदम सिंह, सपा जिला अध्यक्ष बबलू गुर्जर, शालू जोहरी व बसपा जिला अध्यक्ष डॉ. ए.के. कर्दम ,जिला प्रभारी महेश टायर वाले, अपना दल पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र जाटव व अन्य किसान संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने? ईद की दिली मुबारकबाद दी। तो वहीं मेरठ से हापुड पहुंचे सपा पार्टी से पूर्व मेरठ हापुड़ लोकसभा प्रत्याशी सुनीता वर्मा के पति व पूर्व हस्तिनापुर विधायक योगेश वर्मा एवं राजन वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख ने घर पहुंचकर जावेद जाड़ोदीया और उनकी टीम को ईद की दिल्ली मुबारकबाद देते हुए कहा कि हापुड़ सपा जिला उपाध्यक्ष



जावेद जाड़ोदीया व उनकी टीम ने मेरी पत्नी को जी तोड़ मेहनत कर यहां से चुनाव लड़ाया था में उनकी टीम व उनका दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं और ईद का त्यौहार भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाकर आपस में खुशियां बांटे और देश में अमन चैन की कमाना की हैं और आगमी चुनाव की तैयारी को लेकर कहा कि जिन क्षेत्र में हम पिछले चुनाव में लोगों तक नहीं पहुंच पाए 2027 के चुनाव में उनके क्षेत्र में जाकर डॉट टू डोर प्रचार प्रसार कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष के साथ अब्दुल हमीद,सैयद अली, सिद्दीकी, नफीस मंसूरी, दानिश अलवी, युसूफ चौधरी, जाहिर पहलवान, नफीस खान, इकबाल कुरैशी ,शोएब,फैजान अहमद, युसूफ अहमद, निजाम, उस्मान जावेद सैफी, सोनू अहमद, सलमान, उजफा, आबिद व शराफत आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ ईदगाह रोड पर नमाजियों से गले मिलकर सभी को दी ईद की मुबारकबाद



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़**/समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर, ने अपनी टीम के पूर्व जिला अध्यक्ष तेजपाल प्रमुख, प्रदेश सचिव इकबाल कुरैशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर भुर्जी, राजेश यादव जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा, आदेश गोस्वामी जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, संजय सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष जिला प्रवक्ता एवं समाजवादी के पदाधिकारीगणो के द्वारा ईदगाह रोड पर ईद के अवसर पर ईदगाह पर नवाज के उपरांत जल शीतल पेय का इंतजाम किया गया।और नवाज पढ़कर आने वाले सभी नवाजी मुस्लिम भाइयों पर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया गया। और गले मिलकर मुबारकबाद दी गई। इस अवसर पर संजय सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष जिला प्रवक्ता समाजवादी पार्टी हापुड़ की टीम उपस्थित रहीं।

## शोभा यात्रा में शामिल हुए डॉ विकास शर्मा ने परशुराम जी को नतमस्तक होकर प्राप्त किया उनका आशीर्वाद

वेलकम इंडिया

**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) सत्य के धारक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में

श्री ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में रविवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में श्री कृष्ण भक्त शहर के वरिष्ठ समाज सेवी व नामचीन फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉ विकास शर्मा ने भगवान परशुराम जी को नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और पूजा-अर्चना कर विधिवत रुप से शोभायात्रा की शुरूआत हुई। सफल कार्यक्रम को लेकर डॉ विकास कुमार शर्मा ने इस शोभायात्रा के अध्यक्ष संदीप शर्मा सहित सभी पूरी टीम के आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ विकास कुमार शर्मा ने कहा कि सत्य के धारक भगवान परशुराम 'परशु' प्रतीक है पराक्रम का। 'राम' पर्याय है सत्य सनातन का। इस प्रकार परशुराम



का अर्थ हुआ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। शास्त्रोक्त मान्यता तो यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। अतः उनमें आपादमस्तक विष्णु ही प्रतिबिबित होते हैं। मेरी विनम्र व्याख्या यह है कि 'परशु' में भगवान शिव समाहित हैं और 'राम'में भगवान विष्णु। उन्होंने सभी का शोभायात्रा में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। अंत में आयोजकों ने भी डॉ विकास कुमार शर्मा को गले में जय श्री राम का पटका पहनकर स्वागत किया और उनका अभिनंदन किया।

## पांच मंजिल मकान के चौथे ग्राउंड में शॉट सर्किट से लगी आग

**गाजियाबाद।** नंदग्राम की विकलांग कॉलोनी में स्थित पांच मंजिल मकान के चौथे ग्राउंड में सोमवार की दोपहर शॉट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी घटनास्थल से करीब 300 मीटर दूर ही सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के चलते फंस गई।

लोगों ने सड़क पर खोखे और टीन शेड्स लगा रखे थे। ऐसे में दमकल विभाग की टीम ने 10 होज पाइपों की लाइन बिछाई और पानी घटनास्थल तक पहुंचाया। मकान मालिक अभिलाषा रावत और अन्य परिजन आग लगते ही सुरक्षित मकान से बाहर आ गए थे। डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया गया। उधर, राजनगर एक्सटेंशन की रोइज सेंटोसा सोसाइटी के चौथे फ्लोर पर में भी सोमवर की दोपहर आग लग गई। मकान मालिक जय कुमार गुप्ता ने बताया कि फ्लैट में स्थित मंदिर में जल रहे दीप से पहले पर्दे और फिर मंदिर में आग लगी। इसके बाद आग फैलकर स्टोर रूम तक पहुंच गई। कमरों तक आग फैलती इससे पूर्व ही दमकल विभाग की टीम ने काबू पा लिया।

## ईद उल फितर की नमाज पढ़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज पढ़ने को लेकर दो पक्षों में खुलकर चले लाठी डंडे दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी।बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव खागोई में ईद उल फितर की नमाज पढ़ने को लेकर प्रधान पक्ष के लोगो का दूसरे पक्ष से कहासुनी होने के चलते ईदगाह पर ही दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें प्रधान राहिल पक्ष के आदिल,सर्वर, वारिस, दूसरे पक्ष के शहजाद, मुबारिक,दानिश, आमिर खान, घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करते हुए घायलों को मेडिकल परीक्षण हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेजा। इसी बीच मेडिकल परीक्षण को जाते समय प्रधान राहिल पक्ष ने दूसरे पक्ष की बलेनो गाड़ी में थार गाड़ी से टक्कर मारकर गाड़ी को रोक लिया।

बलेनो गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए गाड़ी में बैठे हुए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। दोनों पक्षों में दोबारा से हुए इस झगड़े को लेकर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने प्रधान राहिल सहित लगभग आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर अग्रिम विधि वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## क्रांतिकारी वंशज मास्टर सत्तार अहमद बसौद के यहाँ धूमधाम के साथ मनाया ईद का त्यौहार



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** जनपद बागपत के बसौद गांव में युवा चेतना मंच बसौद के संस्थापक, प्रमुख समाजसेवी व क्रांतिकारी वंशज मास्टर सत्तार अहमद के आवास पर ईद का त्यौहार बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, युवा चेतना मंच बसौद के महासचिव समीर अहमद, राजेश चौहान टयोढ़ी, अर्जुन सिंह, मास्टर प्रदीप हिसावदा, किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नू मलिक, असगर ठेकेदार, इकबाल, इदरीश प्रधान, परवेज अहमद, आदिल हुसैन, अरविन्द कुमार, सुभाष शर्मा, मनोज शर्मा, संदीप भारद्वाज, धनपाल गुर्जर बली, सुजल सहित क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और एक दूसरे का मुहं मीठा कराया।

## देवभूमि में नहीं होने देंगे श्रद्धा जैसे हत्याकांड

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सोमवार को बरेली में भव्य सम्मान किया गया। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने सम्मान स्वरूप मिले गदा को उठाते हुये कहा कि यह सम्मान उत्तराखंड की जनता को समर्पित है।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कानून में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों की जानकारी उनके परिवार को देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुए श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटनाओं को उत्तराखंड में नहीं होने दिया जाएगा। धामी ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप में अलगाव का असर बच्चों पर पड़ता है, इसलिए यूसीसी में ऐसे बच्चों के अधिकारों की रक्षा का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने जनता का सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू होने के बाद मुस्लिम बहनें भाजपा सरकार को धन्यवाद दे रही हैं।




मुख्यमंत्री धामी के इस संबोधन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने उत्तराखंड को एक आदर्श राज्य बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई और यूसीसी के प्रभावी क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया, जिनमें श्री राम मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 का समाप्त होना और तीन तलाक कानून शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यूसीसी का प्रभाव सिर्फ उत्तराखंड तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश में इसकी समरस धारा बहेगी। धामी ने स्पष्ट किया कि यह कानून किसी धर्म, समुदाय या पंथ के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि यूसीसी संपत्ति के उत्तराधिकार से जुड़े विवादों का भी समाधान करेगा और महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाएगा। इस कार्यक्रम में भाजपा ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी अशोक कटारिया, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल, विधायक डॉ एमपी आर्या, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, विधायक डॉ डीसी वर्मा, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, भाजपा बरेली जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, नगर निगम के उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, पार्थ गौतम समेत सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## शुगर मिल में हुआ दुखद हादसा

# एक कर्मचारी की बायलर से अचानक गिरकर मौत

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर/औरंगाबाद(/अगौता/** अनामिका शुगर मिल में एक दुखद हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। घटना से गुस्साये परिजनों और ग्रामीण मृतक के शव को रखकर धरने पर बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक की अविवाहित बेटियों की शादी के लिए मुआवजा दिया जाए। पुलिस व मिल प्रबंधन मौके पर ग्रामीणों को समझाने में जुटा हुआ है। धरना प्रदर्शन जारी है।

ग्राम बिसूंदरा निवासी शिवदयाल शर्मा का पुत्र प्रेम कुमार उर्फ कलवा उम्र लगभग 52 वर्ष अनामिका शुगर मिल में मेंटीनेंस विभाग में कार्यरत था। वह नाइट ड्यूटी के चलते सोमवार सुबह लगभग पांच बजे बायलर के उपर चढकर कोई मरम्मत कार्य कर रहा था कि अचानक पैर फिसलने से नीचे आ गिरा। हादसा होते ही मिल में हड़कंप मच गया और काम रुकवा दिया गया। घायल प्रेमकुमार



को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रेम कुमार की मौत का समाचार पाते ही गांव और परिवार में हड़कंप मच गया और तमाम लोग मौके पर पहुंचे। उन्होने मिल प्रबंधन से मृतक के बच्चों के लिए पर्याप्त मुआवजा दिये जाने की मांग की लेकिन मिल प्रबंधन ने ग्रामीणों को टरकाने का प्रयास किया जिस पर परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक के शव को मिल में रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनेंद्र कुमार आदि ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। वार्ता जारी है।

## प्री-वेडिंग के बहाने मंगेतर को उत्तराखंड ले जाकर कई बार किया दुष्कर्म, फिर शादी से किया इनकार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** राजस्व निरीक्षक के बेटे पर मंगेतर को प्री-वेडिंग शूट के बहाने उत्तराखंड ले जाकर दुष्कर्म करने और बाद में मृतक आश्रित कोटे में नौकरी का हवाला देकर 40 लाख रुपये की मांग करने का आरोप लगा है। इस मामले में थाना कैंट में आरोपी युवक समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कैंट थाना क्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 24 नवंबर 2024 को उसकी शादी फरीदपुर में तैनात, सुभाषनगर निवासी एक राजस्व निरीक्षक के बेटे से तय हुई थी। शादी की तिथि 3 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी और इसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी थीं। सगाई के बाद युवक, युवती को अपनी कार में घुमाने के बहाने उत्तराखंड ले गया, जहां प्री-वेडिंग फोटोशूट का झांसा देकर उसने जबरन कई बार युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान 14 फरवरी 2025 को आरोपी युवक के राजस्व निरीक्षक पिता का निधन हो गया। जिसके बाद युवक और उसके परिवार वालों ने युवती के घर वालों से शादी से इनकार कर दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में युवती का आरोप है कि आरोपी और उसके परिजनों ने यह कहकर शादी तोड़ दी कि अब युवक को मृतक आश्रित कोटे में सरकारी नौकरी मिल जाएगी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बरेली दौरा आज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बरेली दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभिन्न क्षेत्रों से लाभार्थियों को बसों के माध्यम से बरेली लाया जाएगा। मुख्यमंत्री बरेली कॉलेज में जनसभा को संबोधित करेंगे, समीक्षा बैठक और नवाबगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय की नव-निर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले बरेली के एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, और डीएम रविंद्र कुमार ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। प्रशासन द्वारा शहर में साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर व्यापक योजना बनाई गई है।मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कुछ प्रमुख मार्गो पर ऑटो, ई-रिक्शा, मैक्स वाहनों और ठेलों के संचालन पर रोक रहेगी। श्यामगंज चौराहा, ईंट पजाया, बियावान कोठी, बिजलीघर तिराहा, अक्षर बिहार तिराहा, सर्किट हाउस चौराहा, चौकी चौराहा, कचहरी तिराहा, चौपला चौराहा, सिटी सब्जी मंडी, पटेल चौक, कोहाड़ापीर, कोतवाली गेट, नावल्टी, सिकलापुर चौराहा मार्गों पर प्रतिबंधित वाहनों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा। वहीं दिल्ली और रामपुर से आने वाले भारी वाहन तथा रोडवेज बसें, जिन्हें बदायूं जाना है, वे झुमका तिराहा से बड़ा बाईपास, नवदिया, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा और भमोरा होते हुए जा सकेंगे। इसी के साथ नैनीताल से बदायूं जाने वाले भारी वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। पीलीभीत से बदायूं जाने वाले भारी वाहन जहानाबाद कट, सितारगंज, किच्छा, बहेड़ी, बिलवा पुल, बड़ा बाईपास, फरीदपुर होते हुए दातागंज रोड से आ-जा सकेंगे। पीलीभीत से बरेली आने वाले वाहन जहानाबाद, सितारगंज, किच्छा, बहेड़ी, बिलवा पुल और नैनीताल रोड का उपयोग करेंगे। दिल्ली और रामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन तथा रोडवेज बसें बड़ा बाईपास, झुमका तिराहा, बिलवा, विलयधाम, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी होते हुए जा सकेंगी।



# आरएसएम कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान और साइबर क्राइम विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

नितिन शर्मा : वेलकम इंडिया

**बिजनौर** : आरएसएम कॉलेज धामपुर बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) द्वारा आयोजित चतुर्थ एक दिवसीय शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रवि धनकड़ के नेतृत्व में ग्राम सैदपुर बीरू उर्फ पीपला में मतदाता जागरूकता अभियान और साइबर क्राइम विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक विपिन यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रवि धनकड़ ने सभी स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता के प्रति शपथ दिलाई और 18 वर्ष की आयु एवं अधिक आयु वाले छात्रों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विवेक यादव ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता जागरूकता




अभियान से होती है। द्वितीय सत्र में साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं का वर्णन करते हुए स्वयं सेवकों को जागरूक किया गया। डॉ रवि धनकड़ ने साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटना बताते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी और बताया कि किसी अनजान व्यक्ति को बिना कार्य जाने ओटीपी शेयर न करें। एग्रिकल्चर इंजीनियरिंग विभाग के प्रभारी डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने साइबर फि शिंग के बारे में बताया और कहा कि जब भी कोई साइट या लिंक ओपन करे तो उसमें उसके लोगो को जरूर चेक करे। साथ ही बताया कि साइबर क्राइम से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए आप राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं। डॉ. देवेश पाठक ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में बताया और कहा कि अगर आपके व्हाट्सएप नंबर पर कोई भी अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आए तो उसे कभी न उठाए अगर उठाए तो कैमरा पर हाथ रख ले। साथ ही सीयूजी नंबर जैसे जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, कोतवाल, हल्का इंचार्ज के नंबर आपके फोन में अवश्य होने चाहिए। स्वयंसेवक सनी कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम की जानकारी नहीं होने पर उनके भाई के साथ व्हाट्सएप लिंक ओपन करने से घटना का शिकार हुए जिसमें उन्हें 95000 की हानि हुई। कार्यक्रम में स्वयंसेवक विपिन यादव, ऋतिक गुप्ता, वंश सक्सेना, अनुराग, प्रीत चौहान, रचित, सतेन्द्र, आदित्य प्रताप सिंह आदि ने सराहनीय कार्य किया।

## बीवी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति से की मारपीट

**गाजियाबाद**। सिटी जोन में तीन दबंगों ने एक महिला से छेड़छाड़ की। बीवी ने काम से लौटे शोहर को घटना की जानकारी दी। महिला के पति ने पड़ोस में ही रहने वाले युवकों से जब घटना पर आपत्ति जताई तो दबंगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पति को बचाने पहुंची महिला को भी जमकर पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है। मगर, आरोपी अभी फरार हैं। नंदग्राम के घूकना इलाके में किराये पत्नी और बच्चों के साथ रहने वाला शख्स एक निजी स्कूल में मजदूरी करता है। रोजाना की तरह वह जब काम पर गया तो पड़ोस में रहने वाले तीन युवकों ने उसकी बीवी के साथ छेड़छाड़ की। शाम को लौटे पति को जब महिला ने वारदात की जानकारी दी। पत्नी से छेड़छाड़ का पता चलते ही युवक आरोपियों के पास गया और घटना पर एतराज जताया। इसी दौरान तीनों दबंग युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया।

# प्रधानाचार्य राजवीर सिंह के सेवानिवृत्ति होने पर दी भावभीनी विदाई



वेलकम इंडिया

**नूरपुर** : सरस्वती शिशु मंदिर मे विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में राजवीर सिंह प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं राजवीर सिंह के सेवानिवृत होने पर सरस्वती शिशु मंदिर में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रबंध समिति के सदस्यो सहित समस्त स्टाफ ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई की।

प्रधानाचार्य राजवीर सिंह एक मृदुभाषी, मिलनसार, व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं क्षेत्र में लोग उनके कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री महावीर सिंह, मेलाराम, डॉ ओम प्रकाश त्यागी, भीष्म सिंह त्यागी, हर्षवर्धन, चंद्रशेखर शर्मा, राकेश कुमार, प्रधानाचार्य पूरन सिंह, पुष्पेंद्र शेखावत, चंद्रपाल सिंह, नवीन कुमार, दीपक वर्मा, लोकेश कुमार, लाखन सिंह, सुशील सिंह, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह सुरेंद्र शर्मा सुधीर शर्मा राजीव राणा, बृजपाल, गोविंद शर्मा, दिनेश शर्मा शाहिद समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# धूमधाम से मनाया गया ईद का त्यौहार चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर .नसेर्ना** : थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद उल फितर की देश में अमन चैन की दुआ के लिए नमाज अदा की गई। इस मौके पर एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी।

आपको बता दें कि गत वर्षों की भांति मस्जिद तथा ईदगाह पर मुस्लिम समाज के लोगों ने समय करीब 8:45 पर पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देश में अमन चैन की दुआ करते हुए नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद गरीब लोगों को दान दक्षिण भी दी गई। और एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देते हुए देखा गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ईद उल फितर का यह त्यौहार खुशी और मेल मिलाप का संदेश लेकर आता है। समाजिक एकता को मजबूत करके आपसी भाईचारे की



भावना को बढ़ाता है। यह देश में अमन चैन सौहार्द का संदेश देता है। इतना ही नहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया यह ईद उल फितर का त्यौहार रमजान माह का उपवास तोड़ने का त्यौहार है। रमजान माह के अंत में चांद देखने के बाद अगले दिन यह मनाया जाता है। यह ईद उल अजहा के साथ यह इस्लाम के दो मुख्य त्यौहारों में से एक है। रमजान के महीने में पहली बार हजरत मोहम्मद शाहब की पवित्र कुरान का ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस्लाम के इतिहास में बद्र की लड़ाई को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। जिसमें पैगम्बर मोहमद और उनके अनुयायियों ने विजय प्राप्त की थी। इसी खुशी में ईद उल फितर का त्यौहार बड़ी खुशी के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर नसेर्ना थाना प्रभारी रीतेश कुमार साथ भारी पुलिस बल के साथ ईदगाह व सभी मस्जिदों पर पुलिस बल के साथ तैनात रहकर शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा कराने के साथ साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

# बुगरासी चौकी क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा, हरे भरे पेड़ों काअवैध कटान

वेलकम इंडिया

**प्रिंस कुमार राणा**। बुलंदशहर थाना नरसेना क्षेत्र की चौकी बुगरासी के गांव फरीदा बांगर में हरे फल्दार वृक्षों का अवैध कटान हो रहा है। जिसमें आम के भर हरे पेड़ों का अवैध रूप से कटान किया जा रहा है जिसमे अवैध कटान से पर्यावरण को तो नुकसान व राजस्व को भी चपत लगाई जा रही है। इसमें वन विभाग की मिलीभगत समझे या फिर वन माफियाओं को शासन प्रशासन का कोई डर नहीं है। हरे भरे पेड़ों पर

बिना परमिट के दिनदहाड़े आरा चला रहे हैं। जिसके कारण हरे भरे पेड़ों की संख्या लगातार घटती जा रही है। काटे गये पेड़ों की लकड़ी टैक्टर ट्राली से लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान को भेज दी जाती है जंगलों में हरे पेड़ों का नामो निशान मिटता जा रहा है। जो क्षेत्र में हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों का कटान जोरों पर जिम्मेदार बेखबर



खाकी की आड़ में चल रहा बड़ा खेला जहां एक ओर यूपी के मुखिया करोड़ों रुपए का बजट देकर हरे पेड़ों को लगाने और संरक्षित करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारी ओर कर्मचारी की मिली भगत से हरे पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है। प्रतिबंधित पेड़ों पर वन माफियाओं द्वारा खुलेआम आरा चलाने का मामला सामने आया है, लेकिन इस तरफ ध्यान देने वाला कोई नहीं है। दिन में दबंगई ओर खादी के बल पर स्याना तहसील क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है।

# रात्रि चेकिंग के दौरान गौमांश के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**राजीव चौधरी**। थाना गागलहेड़ी पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान दो लोगो को गौमांश के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है

वही उनका एक साथी अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गया गागलहेडी थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवानपुर रोड पर बायलर फैक्ट्री के पास दो तस्कर अरशद और मुर्सलीन को गिरफ्तार किया है -जिनके पास से 12 किलो गौमांश, एक स्कूटी और चाकू बरामद हुआ हैं - वही इन दोनों का एक साथी रहीश निवासी छुटमलपुर अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गया है- जिसकी तलाश हेतु प्रयास किया जा रहा है गिरफ्तार करने वाली टीम में कस्बा चौकी प्रभारी उपेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, कांस्टेबल हरेंद्र कुमार और पालेन्द्र कुमार मौजूद रहे !

# हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत ने हिंदू नव वर्ष पर किया यज्ञ और विचार गोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेशं विवेक जैन**। बड़ौत नगर में स्थित हिंदू युवा वाहिनी जिला कार्यालय पर हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत द्वारा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में यज्ञ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पधारे मुख्य वक्ता आचार्य धन कुमार शास्त्री ने कहा कि आज युवाओं को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाज में कार्य करने की आवश्यकता है। कहा कि जब युवा समाज में निकलकर धर्म के लिए प्रचार-प्रसार करेगा तभी इस समाज को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी ने हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयों में हिंदुत्व के प्रति जोश भरते हुए कहा कि हमें जातियों में न बटकर एक होकर कार्य करने की आवश्यकता है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज का जो सपना है कि मातृभूमि तेरा वैभव अमर रहेगा मैं दिन चार रहूं ना रहूं। हम सभी को मिलकर उस सपने को पूरा करना है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री केपी मलिक ने भी सभी कार्यकताओं को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आशीर्वाद देने के लिए महामंडलेश्वर भैया दास जी महाराज ने अपना आर्शीवचन हिंदू युवा वाहिनी कार्यकताओं को दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, मोहित उपाध्याय, आकाश त्यागी, राजीव शर्मा, उपेंद्र चौहान, रविश मान, अर्पित त्यागी, गुलबहार सिंह, रूपेंद्र तोमर, राजीव तोमर, पारस चौहान, रजत चौहान, अतुल जैन, अनुज जैन, दीपांशु गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, मधु धामा, विजय वर्मा, प्रभात तोमर, रविंद्र आर्य, मनोज कटारिया, रवि कश्यप, जितेंद्र दत्त शर्मा सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।



## हिंदू नव वर्ष मनाया गया

**चांदपुर** : नव संवत पर यज्ञ का कार्यक्रम वेद मंदिर सत्संग मंडल श्री पंजाबी सभा और श्री सनातन धर्म पंजाबी सत्संग भवन के द्वारा नव संवत पर यज्ञ का आयोजन किया गया यह यज्ञ का कार्यक्रम वेद मंदिर रामलीला ग्राउंड में किया गया इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए यज्ञ के पुरोहित डॉ दिवाकर रहे। यज्ञ की समाप्ति के बाद डॉ दिवाकर और डॉ प्रदीप भाटिया के द्वारा भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष के बारे में बतलाया गया और सुरेंद्र बजाज के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में एक कविता सुनाई गई।

# राष्ट्रीय हैकाथॉन हैक हीस्ट 2025 का भव्य समापन, प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को मिला सम्मान

उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ**। एमआईईटी में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय हैकाथॉन हैक हीस्ट 2025 का समापन तकनीकी नवाचार और उत्साह के साथ हुआ। इस हैकाथॉन का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम के सहयोग से किया गया। 36 घंटे तक चले इस मैराथन कोडिंग प्रतियोगिता में देशभर से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया।




प्रतियोगिता के पहले दिन प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर विभिन्न समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। दूसरे दिन एलिमिनेशन राउंड के बाद 50 में से शीर्ष 13 टीमों का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों को अभिषेक दोशी द्वारा विशेष उपहार प्रदान किए गए। इस प्रतिष्ठित हैकाथॉन में टीम आर्बिटिज्म के उत्कर्ष और प्रखर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, टीम को 25 हजार का चेक दिया। टीम हिसाइपेर के आलोक सिंह और आदर्श सिंह दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हे 15 हजार का चेक दिया। जबकि टीम कोडीज के समर्थ शर्मा, वैभव शर्मा, पीयूष शर्मा और पार्थ शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया, जिन्हे 10 हजार का चेक दिया। इसके अलावा, हैकाथॉन के हायरिंग पार्टनर सॉन्ग जीपीटी ने चार उत्कृष्ट प्रतिभागियों को करियर के सुनहरे अवसर प्रदान किए। समापन समारोह में निर्णायक मंडल के सदस्य अर्पण गर्ग, दिपांश आर्य और उज्जवल पूनिया को भी सम्मानित किया गया। शीर्ष 10 टीमों को विशेष पुरस्कार देकर उनकी उत्कृष्टता को सराहा गया। ह्यहैक हीस्ट 2025ह्व ने नवाचार और तकनीकी सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए युवाओं को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया, बल्कि उनके कौशल को उद्योग जगत में पहचान भी दिलाई। इस अवसर पर एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. एस.के. सिंह, प्रो. डॉ. शैलेन्द्र एन. सिंह, डॉ. विकास श्रीवास्तव, डॉ. रामबीर सिंह, डॉ. स्वाति शर्मा, रोहित अग्रवाल, कृष्ण कुमार शर्मा और रेहान अहमद सहित कई प्रमुख शिक्षाविद् एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हर्षित गोयल, देव चौहान, तनिष्क तल्यान, पलक सिंघल, आशी वर्मा, दीपंशी गुप्ता, हिमांशु कुमार, कुंज अग्रवाल, वाणी गौतम, विशेष जिंदल, अभिजीत चौहान, मनस्वी गोयल, ख्याति मलिक, निर्देश त्यागी और सुमित अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# अधिवक्ता विवेक शुक्ला की बहस पर उम्रकैद की सजा पाए पाच लोगो उच्चन्यायालय बाइज्जत बरी किया

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़** । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हत्या के आरोप मे उम्रकैद की सजा पाए बदायूं जिला निवासी योगेन्द्र ,भूप सिह ,शिशुपाल, बाके व रोहिताश को सत्र न्यायालय द्वारा दी गयी उम्रकैद की सजा पर वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला की बहस को सुनने के बाद सजा को रद्द करते हुए आरोपियो को बाइज्जत बरी करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट ने पहले ही सभी को साक्ष्य मिटाने के आरोपो से बरी कर दिया था। जिसे किसी तरह की कोई चुनौती नही दी गयी थी। अभियोजन पक्ष संदेह से परे किसी भी तरह के सुबूतो की कड़ी पेश करने मे असफल रहा है। ब्लड सेम्पल केमिकल जाँच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया लेकिन रिपोर्ट नही आ सकी। नाही किसी हथियार की ही बरामदगी हुई जिससे साबित किया जा सके कि मृतक बाबू सिह की हत्या मे हथियार उपयोग किया गया हो। इसके आलावा ना तो बाबू सिह का सव मिला? और ना ही अभियोजन



पक्ष यह ही स्पष्ट कर सका कि बाबू सिह कि हत्या का आशय क्या था। इस आधार पर सजा सत्र न्यायालय द्वारा सुनाई गयी सजा कायम रखने लायक नही है। यह आदेश न्यायमूर्ति वी के बिडला व न्यायमूर्ति एम ए एच इदरीसी ने रामभरोसे व अन्य की अपील को स्वीकार करते हुए दिया और अपर सत्र न्यायाधीश बदायू के द्वारा 28 जनवरी 1993 को सुनाई गयी उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया और जमानत बधपत्र को भी निरस्त करते हुए कहा कि समर्पण की कोई आवश्यकता नही है। हत्या से जुडे तथ्यो जे अनुसार उझानी थानाक्षेत्र के रायपुर गाव के बाबू सिह के साथ शिकायत कर्ता दुवार्सा की शादी हुई थी।

# जूनियर में राधिका ने 95 प्रतिशत एवं सीनियर वर्ग में गुड़िया ने 81.7 प्रतिशत अंक पाकर किया स्कूल टॉप



वेलकम इंडिया

**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)** चौधरी हरिश्चंद्र इंटर कॉलेज विष्णुपुरी में वार्षिक परीक्षा-फल का वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे सर्वप्रथम मां सरस्वती के छवि चित्र पर विद्यालय के संस्थापक चौधरी योगेंद्र सिंह पूर्व प्रधानाचार्य देवेंद्र शर्मा एवं आर्किटेक्ट राधे लाल ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें विद्यालय का परीक्षा फल 97 प्रतिशत रहा। जूनियर वर्ग में राधिका ने 95 प्रतिशत एवं सीनियर वर्ग में गुड़िया ने 81.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। जिन छात्र-छात्राओं में कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें यूकेजी क्लास में वंश प्रथम, राधिका द्वितीय तथा मानसी ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि एलकेजी क्लास में ऋतिक प्रथम, माया द्वितीय, भाव्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा क्लास फर्स्ट में पीयूष कुमार प्रथम, शाहबाज द्वितीय स्थान और परिधि मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास सेकंड में राधिका प्रथम, हर्ष पोरुष द्वितीय, अल्पेश तृतीय और क्लास थर्ड में दर्श तिवारी प्रथम, गौरी द्वितीय , नैतिक तृतीय, क्लास फोर्थ में वंश ने प्रथम, विराट द्वितीय, शौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जबकि क्लास फाइव में भावना प्रथम, जानवी द्वितीय और मयंक तृतीय, क्लास सिक्स में गुड़िया प्रथम, प्रिया शर्मा द्वितीय , उमा सिंह तृतीय स्थान एवं क्लास 7 में अलीशा प्रथम, सोनिका शर्मा द्वितीय, नव्या शर्मा तृतीय स्थान हासिल किया। क्लास आठ में तानवी प्रथम, माही नूर द्वितीय और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# एसआरएम में एनसीसी बी- प्रमाण पत्र परीक्षा का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस, मोदीनगर में 35 यूपी वाहिनी एनसीसी के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कैडेट्स के लिए बी- प्रमाण पत्र की प्रायोगिक एवं लिखित परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। प्रायोगिक परीक्षा तथा लिखित परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा 37 वाहिनी एनसीसी गाजियाबाद के कमान अधिकारी कर्नल संदीप पांडे के निर्देशन एवं 13 गर्ल्स वाहिनी की प्रशासनिक अधिकारी मेजर मुन्नी पंकज के नेतृत्व में संपन्न कराई गई।

इस परीक्षा में एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मोदीनगर सहित विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कुल 301 कैडेट्स सम्मिलित हुए। कैडेट्स की परीक्षा प्रायोगिक एवं लिखित दोनों प्रारूपों में कराई गई, जिसमें ड्रिल टेस्ट, शास्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, कम्युनिकेशन जैसी परीक्षाएं शामिल थीं। यह परीक्षा दो वर्षीय प्रशिक्षण के आधार पर आयोजित की गई। परीक्षा के आरम्भ में संस्थान के निदेशक डॉ० एस. विश्वनाथन ने कैडेट्स को एनसीसी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं के जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना को विकसित करता है। संस्थान के डीन, प्रोफेसर डॉ० आर. पी. महापात्रा डीन (साइंस एंड ह्यूमैनिटीज) प्रोफेसर डॉ० नवीन अहलावत, डीन आईक्यूएसी, डॉ० धौम्या भट्ट ने बताया कि यह परीक्षा एनसीसी कैडेट्स के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह उनके प्रशिक्षण और अनुशासन का मूल्यांकन करती है। बी प्रमाण पत्र परीक्षा के लिए कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। परीक्षा को सफल बनाने में 35 यूपी वाहिनी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी . के सिंह, सूबेदार मेजर परमानंद, सूबेदार सरदार सिंह, नायब सूबेदार अफ्तार हुसैन, हवलदार पवन कुमार, हवलदार संजीत, सूबेदार थापा, हवलदार भूपराम, हवलदार संतोष, जीसीआई सोनिया, 37 यूपी वाहिनी गाजियाबाद के हवलदार बलवंत सिंह, नायक सूबेदार रामनरेश, हवलदार भूपेंद्र सिंह, सूबेदार ज्ञानसिंह, सूबेदार अमरजीत सिंह, जीसीआई सुमन एवं संस्थान के एन सी सी केयर टेकर ऑफिसर डॉ संदीप कुमार, एन सी सी प्रशिक्षक ज्योति सचदेवा, एन सी सी प्रशिक्षक देवराज सिराधना का योगदान रहा।

# हथियार के बल पर बदमाशों ने महिला के लूटे कुंडल

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव नंगला बेर में बदमाशों ने हथियार के बल पर महिला के कुंडल लूट लिये। इस दौरान महिला के कान में चोट आई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिनमें बदमाश नंगे पैर नजर आ रहे है। इसके चलते पुलिस पुराने संगठित गिरोह की कुंडली खंगाल रही है। वारदात 27 मार्च की है। पीड़ित महिला जगरोशनी ने बताया कि रात में वह घर में सो रही थी। सुबह करीब चार बजे एक बदमाश उनके घर में आया और पूरे घर को खंगाला। मंदिर में रखे पांच हजार रुपये, सेफ में रखे कान के कुंडल ले लिया। इसके बाद उसके कान से कुंडल निकालने लगा। कुंडल खींचते समय कान लहूलुहान हो गया। आरोपी ने तमंचा सटाकर हत्या की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और जगरोशनी से पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि बदमाशों ने गांव निवासी बलराज के यहां भी पशु चोरी करने का प्रयास किया था। इस बीच किसी ने उन्हें देखकर शोर मचा दिया, जिसके बाद बदमाश फरार हो गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम काम कर रही है। सीसीटीवी कैमरे के जरिए बदमाशों से संबंधित सुराग मिले हैं।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्जुन मलिक का स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में चयन, कराटे में शानदार उपलब्धि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** निवाड़ी, सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 8वीं स्पोर्ट्स सुपर 30 बैच के प्रतिभाशाली छात्र अर्जुन मलिक ने अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में कराटे के लिए चयनित होकर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अर्जुन की यह उपलब्धि न केवल उनके समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है, बल्कि यह सुरविन इंटरनेशनल स्कूल के उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण और अनुशासन प्रणाली की सफलता को भी दर्शाती है। अर्जुन मलिक ने अपने कराटे कौशल को निरंतर निखारते हुए कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। उनका समर्पण, कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास उन्हें इस मुकाम तक ले आया है। इस सफलता का श्रेय अर्जुन के अलावा उनके प्रशिक्षक अजय कुमार, स्कूल के खेल विभाग और उनके परिवार को भी जाता है, जिन्होंने हमेशा उन्हें प्रेरित किया और उनका मार्गदर्शन किया। अर्जुन की इस बड़ी उपलब्धि से सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास का वातावरण है। विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकों, खेल विभाग और सहपाठियों ने अर्जुन को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रशासन का मानना है कि अर्जुन की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और उन्हें खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं खेल विभाग ने इस मौके पर कहा, ₹अर्जुन मलिक की यह सफलता यह प्रमाणित करती है कि यदि सही मार्गदर्शन, मेहनत और समर्पण हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। हम अर्जुन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वह भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का नाम रोशन करेगा।₹ अर्जुन मलिक का स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में चयन होना इस बात का प्रमाण है कि यदि छात्र को उचित संसाधन, समर्थन और सही दिशा मिले, तो वह असाधारण प्रदर्शन कर सकता है। यह उपलब्धि सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के खेल विभाग के समर्पित प्रयासों और उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी रेखांकित करती है। सभी शिक्षकों, प्रशिक्षकों और समस्त छात्र समुदाय ने अर्जुन को बधाई दी साथ ही स्कूल प्रबंधन से श्री तुषार गुप्ता एवं डॉ शिखा दरबारी द्वारा बधाई देते हुए सुनहरे भविष्य की कामना की।

# मोहित सोनी को बनाया गया पेफी (उत्तर प्रदेश) का कॉर्डिनेटर



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** पेफी (फिजिकल एजुकेशन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया) के राष्ट्रीय सचिव डा० पीयूष जैन द्वारा मोदीनगर के मोहित सोनी को उ०प्र० का कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि पेफी एक राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था है। जिसे भारत में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति भवन में भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2024-2025 मिल चुका है। इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय सचिव डा पीयूष जैन, मीडिया प्रभारी दिनेश गौड़ एवं उ०प्र० के संयुक्त सचिव विवेक चौधरी उपस्थित रहे।

# पंजाब में हिन्दुस्तान शिवसेना और राष्ट्रीय हिन्दुस्तान शक्ति दल का गठन, राजा भईया ने दी नियुक्तियां

वेलकम इंडिया




पंजाब प्रदेश में हिन्दुस्तान शिवसेना और उसकी राजनैतिक इकाई राष्ट्रीय हिन्दुस्तान शक्ति दल का पुनर गठन आज जलंधर शहर में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया ने विधिवत रूप से किया जिसमें उन्होंने पंजाब प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कपिल भारद्वाज को पंजाब प्रदेश चैयरमैन, विनय कपूर को पंजाब प्रधान, बिजनेसमैन केवल कृष्ण राधे को दल का पंजाब प्रभारी, दीपक शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, नवीन तलवाड़ को पंजाब यूथ चैयरमैन के पदों पर नियुक्ति पत्र दे कर नियुक्तियां प्रदान की शेष अन्य नियुक्तियां करने के लिए प्रदेश इकाई को अधीकृत किया गया है राजा भईया दो दिवसीय दौरे पर जलंधर पहुंचे थे उन्होंने बताया कि काफी समय से पंजाब की प्रदेश इकाई भंग चल रही थी अपने मुख्य सहयोगी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंधी जीतू भईया से विचार विमर्श कर पुनः पंजाब प्रदेश में पार्टी और दल का गठन किया गया है ताकि आने वाले समय में पार्टी आम जनता की व हिंदुत्व की लड़ाई मजबूती से लड़ सके नव नियुक्तियों के बाद होटल रॉयल ड्यू में सभी मुख्य पदाधिकारियों व उनके समर्थकों की एक बैठक कर सभी को पार्टी के प्रति उचित दिशा निर्देश दिए गए इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी कहा कि जो जिम्मेदारियां उन्हें दी गई है उनकी पालना वह तन मन धन से निभाएंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे बैठक में दिल्ली से आए रोहित गुप्ता, रुस्तम भारद्वाज, करनैल सिंह, टोनी पासवान, लक्की भगत, रिंकू, पवन कुमार, गोविंद, साहिल पावा, बिट्टू, दर्शन कुमार आदि अपने अपने समर्थकों सहित उपस्थित थे। ------ जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया, एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना व राष्ट्रीय हिन्दुस्तान शक्ति दल, मो न.-- 9818951279 =9811371054

# डॉ. रेखा अयंगर का भव्य संगीतमय पारिवारिक समर्पण



वेलकम इंडिया

अमेरिका में निवास करने वाली संगीत प्रेमी डॉ. रेखा अयंगर हाल ही में भारत अपने परिवार और दोस्तों से मिलने आईं। इस विशेष अवसर को अविस्मरणीय बनाने के लिए, उन्होंने एक भव्य गायन संध्या का आयोजन किया, जिसमें लगभग 300 लोगों ने भाग लिया।

यह केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक स्नेहमयी पारिवारिक मिलन भी था, जहां संगीत के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त किया गया। यह उनका पहला बड़ा मंचीय प्रदर्शन था, और उन्होंने पूरे मनोयोग से अपनी प्रस्तुति दी। संगीतमय संध्या का मुख्य विषय ह्यपरिवारह्न था, जिसमें उन्होंने अपने जीवन में अहम भूमिका निभाने वाले परिजनों को समर्पित गीत प्रस्तुत किए। उनके सुरों में न केवल मधुरता थी, बल्कि उनके हर गीत में एक गहरी भावनात्मक जुड़ाव भी था, जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि डॉ. अयंगर ने अपने माता-पिता, भाई-बहनों और उन सभी प्रियजनों को सम्मानित किया, जिन्होंने उनके जीवन को संवारने में योगदान दिया। जैसे ही उन्होंने अपने बचपन, पारिवारिक यादों और जीवन के अनमोल पलों को संगीतमय अंदाज में साझा किया, पूरा माहौल भावनाओं से भर उठा। दर्शकों में न केवल उनके परिवारजन बल्कि संगीत प्रेमी, वरिष्ठ नागरिक, और उनके करीबी मित्र भी शामिल थे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट से उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में, सभी अतिथियों ने डॉ. अयंगर की इस पहल की भरपूर प्रशंसा की और इसे एक यादगार शाम बताया। यह संगीतमय यात्रा सभी के दिलों में एक खास जगह बना गई और इस कार्यक्रम को जबरदस्त सफलता मिली। यह संध्या न केवल संगीत की दृष्टि से बल्कि भावनात्मक रूप से भी अतुलनीय थी, जिसने यह दर्शार्या कि संगीत सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों तक पहुंचने का जरिया भी हो सकता है।

# शिक्षक को सेवानिवृत्ति पर शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में इस सत्र में विद्यालय के खेल शिक्षक सत्यवान यादव की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार यादव और विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने सत्यवान यादव जी को शाल ओढ़ाकर और उनकी विद्यालय में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतीक चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में मंच पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह एनसीसी इंचार्ज प्रवीण जैनर, संजीव चौधरी, द्वितीय पाली के इंचार्ज, धर्मवीर सिंह, राजीव वर्मा, राजीव सिंह पीटीआई, शरद कुमार बाजपेई उपस्थित थे और बाद में उपस्थित सभी शिक्षकों कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर और उपहार देकर विदाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एस सी अग्रवाल ने बताया कि उक्त शिक्षक सरल, सहज, मृदुभाषी विद्यालय के लिए समर्पित और परिश्रमी हैं। इस अवसर पर दोनों पालियों के शिक्षक व शिक्षिकाएं, वीरेंद्र, आशाराम त्यागी ज्योति, पूनम वशिष्ठ, भूषण शर्मा, इरशाद अहमद, विनीत कुमार, नीता शर्मा, सुनीता गर्ग, रीनाशर्मा, शिप्रा, चंचल, तरुण, रामकुमार, योगेंद्र कुमार गौरव त्यागी, मयंक कुमार, राहुल त्यागी, अजय कुमार, सतीश कुमार, कोमल, नितिन, विनोद शारिम और विद्यालय कार्यालय के सभी कार्यालय सहायक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# समाज सेविका रामपाली देवी की पहली पुण्यतिथि पर लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा. बबली गुर्जर की दिवंगत माता समाज सेविका रामपाली देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में गणमान्य लोगो, मंत्री, विधायकों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज सेविका रामपाली देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर मोदी मंदिर परिसर मे आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप, बागपत मोदीनगर लोकसभा के सांसद डा. राजकुमार सांगवान, विधायक अजीतपाल त्यागी, डा मंजू शिवाच, सरधना के विधायक अतुल प्रधान, ब्लाक प्रमुखों, पालिका चेयरमैन सहित विभिन्न पार्टी संगठनो के नेताओ सहित सामाजिक संगठनो के लोगो ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजलि अर्पित की। श्रंद्धाजलि अर्पित करने वालो में मुख्य रूप से पालिका चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली, रालोद के वरिष्ठ नेता सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी, गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, रजापुर के ब्लॉक प्रमुख राहुल डैनी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा सत्यवीर राघव, पूर्व चेयरमैन रामआसरे शर्मा, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, मोटर क्राफट कंपनी के प्रबंधक हरीश त्यागी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी, जितेंद्र चित्तौडा, राहुल गुर्जर, आकाश शर्मा, अमरपाल भडजन, पिंकल गुर्जर, कपिल खटाना, मंयक शर्मा, मोनू धामा, प्रवीण गुर्जर, पप्पन शर्मा, रालोद नेता रामपाल चौधरी, ईश्वर मावी, कपिल चौधरी, छात्र नेता पिंकल गुर्जर, कटार सिंह, मनोज दौसा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# धूमधाम से बनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

वेलकम इंडिया




ईद-उल-फितर के अवसर पर ईदगाह के क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक वार्डन्स की ड्यूटी अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह जी के द्वारा शांति व्यवस्था हेतु लगाई गईं थीं ।उपनियंत्रक श्री नीरज चक जी एवं चीफ वार्डन नजमुल इस्लाम के निर्देशन एवं संरक्षण में आज वार्डनों ने ड्यूटी को अंजाम दिया ।सुबह 8 बजे नवाज अदा की गई ।ईदगाह के आसपास एवं चारों ओर की गलियों में वार्डन्स प्रातः 6 बजे से ही पीली ड्रेस में पहुंच गए। नमाजियों को ईदगाह मैदान में पहुंचने की अपील भी करते रहे ।सभी वार्डनों ने ईद की नमाज के उपरान्त गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी ।उपनियंत्रक नीरज चक, चीफ वार्डन नजमुल इस्लाम, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, प्रभारी डिवीजनल वार्डन कोतवाली अशोक कुमार गुप्ता, डिवीजनल वार्डन कटघर मोहम्मद खालिद, डिवीजनल वार्डन सिविल लाइंस सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, स्टाफ अधिकारी राजेश गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी डॉ0 शफीक अहमद, पोस्ट वार्डन अहमद हुसैन, सूरज प्रकाश, एहसान उल हक कुरेशी, शाकिर हुसैन, संजीव खन्ना, लक्ष्मण सिंह प्रजापति, संदीप जैन, फुरकान अहमद, आगा शाहनवाज, इसरार हुसैन, मोहम्मद जावेद खान, इरफान कुरेशी, मो0 सलीम कादरी, रविन्द्र गौतम, शवरेज आलम, उमेश शर्मा, थोमस अरविंद कुमार, नरेश शर्मा, अरशद अली, जुबेर हुसैन, जीशान उल हक, सरफराज आलम, मो0शाकिर कादरी, नरेश शर्मा, राम नारायण शर्मा, कमल किशोर गोला, अमित भटनागर, हवीब फुरकान, दीप चावला, सरताज अली, यागवेंद्र जोशी, संजय कुमार गुप्ता, जहीर आलम, पंकज गुप्ता, रोहित यादव, माइकल मसीह, सरजीत कुमार, हरज्ञान सिंह, व्रजेश कुमार अनवर सलीम, सुमित रस्तोगी, ऋषि कपूर, सागर खन्ना, मयंक रस्तोगी, सुरेश जैन, देवकी नंदन, पीयूष शर्मा, पंकज गुप्ता, विकास कौशिक, शिवम गुप्ता, समर्थ सिंघल, अजय वीर, योगेश कुमार, कुंजन अग्रवाल, आदि ने सहयोग दिया।

# निवोक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा लगाया गया दूसरा निःशुल्क चिकित्सा कैंप

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर क्षेत्र स्थित निवोक अस्पताल की तरफ से निवोक फाउंडेशन के बैनर तले तिबड़ा रोड स्थित अग्रसेन भवन में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन भाजपा नेता पवन सिंघल ने फीता काटकर शुभारंभ किया, इस दौरान उनके साथ पूर्व सभासद नवीन जयसवाल भी मौजूद रहे। कैंप में अस्पताल के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने सैकड़ों मरीजों की जांच की। कैंप में भाजपा से वरिष्ठ नेता सतेंद्र त्यागी की भी गरिमाई उपस्थिति रही। डॉक्टरों ने कैंप में मरीजों की बल्ड शुगर, ब्लडप्रेशर, खून आदि की जांच की।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया श्री महामाया देवी मंदिर का निरीक्षण





**वेलकम इंडिया अनिल कुमार**

**गाजियाबाद।** हर वर्ष चैत्र नवरात्रि में गाजियाबाद के मोदीनगर स्थित श्री महामाया देवी मंदिर में सीकरी मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला करीब 400 वर्षों से लगता आ रहा है। इस मेले में राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा सहित देश के अन्य राज्यों से लाखों की संख्या में लोग आते हैं।

जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद श्री दीपक मीणा ने मेले की तैयारी के संबंध में अधिकारियों के साथ मेला परिसर का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस मौके पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भक्तों/श्रृद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के पुख्ते इंतजाम किए जाएं। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय ने प्राचीन श्री महामाया देवी मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

निरीक्षण के दौरान ईओ मोदीनगर, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सनातन सेवा संस्थान शाखा वैशाली द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं नव वर्ष समारोह का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** सनातन सेवा संस्थान शाखा वैशाली द्वारा सनातन नव वर्ष के अवसर पर सोमवार को एक भव्य शोभायात्रा और कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन सेक्टर 1, वैशाली बद्रीनाथ पार्क में किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा वैशाली सेक्टर 1 मंदिर से प्रारंभ होकर सेक्टर 3, सेक्टर 4, एवं सेक्टर 2 के मुख्य बाजारों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे हर्षोल्लास के साथ सनातन नव वर्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने समाज में एकता और सनातन संस्कृति की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वोट बैंक की राजनीति के लिए क्रूर शासक औरंगजेब का महिमामंडन कर रहे हैं, जो गलत है। उन्होंने सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महान योद्धा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी का विरोध किया और सनातन धर्म की वैज्ञानिकता एवं सार्वभौमिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के सभी लोगों से एकजुट रहने और सनातन संस्कृति के मूल्यों को अपनाने की अपील की। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष एम.पी. पाठक, पार्षद कुसुम गोयल, अशोक चौबे, राजेश ओझा, कमल श्रॉफ सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का अहम योगदान रहा। यह संस्था पिछले चार वर्षों से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में पार्षद राजकुमार भाटी, रविंद्र सैनी, सुभाष शर्मा, अवधेश कटियार, लालबिहारी पांडेय, शिव शंकर उपाध्याय, राजेश तिवारी, मिथलेश भगत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में चेन स्नेचर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमों में आरोपी रहे एक चेन स्नेचर को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में पुलिस ने गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

एसपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि रविवार की देर रात राजनगर एक्सटेंशन में एक महिला के साथ बाइकर गैंग ने चेन स्नेचिंग की वारदात की थी। इस वारदात की रिपोर्ट देर रात पीड़िता के पति की ओर से नंदग्राम थाने में दर्ज कराई गई थी। वारदात के खुलासे के लिए चार टीमों का देर रात ही गठन करके लगाया था। सोमवार को नंदग्राम क्षेत्र में पुलिस टीमें चैकिंग और सुरागकशी में लगी थीं तभी एक बाइक सवार दिखा। उसे चेकिंग के लिए रोका तो बाइक लेकर भाग निकला। मगर कुछ दूर जाकर उसकी बाइक फिसली तो पीछा कर रही पुलिस पार्टी पर फायर करके भागने लगा। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। जिससे एक गोली आरोपी के पैर में लगी। उसे गिरफ्तार कर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हसन पुत्र कलीम निवासी मुरादनगर है। उसके अपराधिक इतिहास के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि इसके खिलाफ करीब एक दर्जन केस दर्ज हैं।

# ईदगाह में शांतिपूर्वक संपन्न हुई ईद की नमाज

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** रमजान के मुबारक महीने के खत्म होने के बाद ईद का त्योहार खुशियां लेकर आता है। ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह इंसानियत, भाईचारे और प्रेम का जश्न है। यह दिन हर दिल में नई उमंग और हर घर में खुशियों की सौगात लाने का प्रतीक है।

समाजसेवी अलाउद्दीन अब्बासी ने बताया कि ईद के चांद के दीदार से लेकर सुबह की नमाज तक, हर लम्हा एक नई रोशनी बिखेरता है। इस खास मौके पर मीठी सेवइयों की मिठास रिश्तों में घुल जाती है, गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलने का बहाना मिल जाता है, और दुआओं में सबकी भलाई मांगी जाती है। देश में ईद का त्यौहार मनाया जा रहा है, इसी क्रम में गाजियाबाद में मुस्लिम लोगों द्वारा भी ईद का त्यौहार बड़ी धूम धाम से मनाया जा रहा है, पुलिस भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र में समय समय पर गस्त कर रही है, नमाज के समय पुलिस ने ड्रोन से निगरानी भी की। गाजियाबाद में ईद के त्यौहार को देखते हुए पुलिस मुस्तैद नजर आ रही है, मुस्लिम बहुल क्षेत्र जैसे कैला भट्टा, इस्लाम नगर, मिजार्पुर, डासना मसूरी में पुलिस लगातार गस्त कर रही है, ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है ताकि कोई असामाजिक तत्व ईद के त्यौहार में खलल न डाल सके। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया ईद उल फितर के मौके पर, भारी संख्या मे पुलिस फोर्स, पीएसी को किया गया तैनात किया है, ईद के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए ड्रोन से निगरानी की जा रही है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नमाजियों से अपील भी की जा रही है कि आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ ईद का त्योहार मनाएं।

# शिक्षण संस्थान के पास नहीं खुलेगी शराब की दुकान, डीएम ने दिए निर्देश



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** थाना विजयनगर क्षेत्र के सेक्टर नौ में बालिका स्कूल के पास अब शराब की दुकान नहीं खुलेगी। स्थानीय निवासियों की शिकायत के बाद जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जिला आबकारी अधिकारी को यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के पास शराब, तंबाकू-गुटखे की दुकानें नहीं खुलनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वह अभियान चलाकर स्कूल के पास संचालित होने वाली ऐसी दुकानों को तत्काल हटवाएं। गौरतलब है कि शनिवार रात को विजयनगर सेक्टर नौ में आवंटित शराब की दुकान खोलने के लिए लाइसेंसधारी की ओर से दुकान के सामने बोर्ड लगाया जा रहा था। बोर्ड पर नजर पडे के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया था। लोगों ने रोड पर जाम लगा भी लगा दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। रविवार को स्थानीय लोग डीएम से मिलने पहुंचे थे।

# नगर निगम को वर्ल्ड वाटर अवार्ड में प्रथम पुरस्कार, महापौर और नगर आयुक्त हुए सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जल संरक्षण और जल पुनर्चक्रण की दिशा में गाजियाबाद नगर निगम को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। वर्ल्ड वाटर अवार्ड 2024-25 के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम को म्युनिसिपल वॉटर रियूज प्रोजेक्ट ऑ$फ द ईयर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वाटर डाइजेस्ट और यूनेस्को द्वारा प्रदान किया गया। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से भाग लिया। जल शक्ति मंत्रालय के माननीय मंत्री राज भूषण चौधरी ने गाजियाबाद नगर निगम की जलकल विभाग की टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर निगम से अधिशासी अभियंता (जल) कामाख्या प्रसाद आनंद, सहायक अभियंता (जल) आश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत संचालित तृतीयक मलजल उपचार संयंत्र (टीएसटीपी) में शोधित जल को पुनः उपयोग में लाया जा रहा है। इस जल को औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाने की पहल को यूनेस्को और वाटर डाइजेस्ट द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# कारोबारी ने परिचित पर लगाया 20 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में लाजपत नगर के एक कारोबारी ने दिल्ली के परिचित पर जरूरत में साथ देने और करीब 20 लाख रुपए लेकर वापस नहीं लौटाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आदेश कुमार पुत्र कालीचरन नि ए-145 लाजपतनगर ने थाना साहिबाबाद में दी तहरीर में कहा कि उसके एक परिचित स्पर्श अरोडा ने लगभग 1 वर्ष पूर्व अत्यधिक आवश्यकता बताकर रुपए की मांग की तथा आश्वस्त किया कि धनराशि वर्ष 2024 अक्टूबर नवम्बर माह तक वापस कर देगा। उसने विश्वास करते हुए 19,20,998/-स्पर्श अरोडा की फर्म खजाना होम्स में अंकन 3,65,000/-रुपए, स्पर्श अरोडा के खाते में ट्रास्फर किये जिसमें से 3,65,000/- रुपए प्रार्थी के पुत्र अमित कुमार के खाते से व शेष धनराशि प्रार्थी के खाते में ट्रांसफर की गयी। इसके पश्चात जब भी अपनी धनराशि की मांग की तो स्पर्श अरोडा ने कहा कि आप बेफिक्र रहो मै आपको धनराशि अवश्य अदा करूंगा। स्पर्श अरोडा ने भिन्न-2 तारीखों के 20 चैक दिये तथा कहा कि मेरे कहने पर ही चैकों के भुगतान के लिए खाते में प्रस्तुत करना, आपको धनराशि प्राप्त हो जायेगी। जब भी चेक को अपने खाते में डालने के लिए कहा तो स्पर्श अरोडा कहता कि अभी खाते में धनराशि नहीं है तथा मै धनराशि अवश्य अदा करूंगा।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे 555 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष अभियान चलाया गया। इस तीन घंटे के अभियान में 555 लोगों को गिरफ्तार किया गया। नगर जोन में सबसे ज्यादा 251 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कोतवाली घंटाघर से 79, विजयनगर से 44, सिहानी गेट से 22, नंदग्राम से 37, कवि नगर से 40 और मधुबन बापूधाम से 29 लोगों को पकड़ा गया। देहात जोन में कुल 112 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लोनी से 12, ट्रॉनिका सिटी से 6, अंकुर विहार से 7, लोनी बॉर्डर से 7, मसूरी से 16, मुरादनगर से 20, मोदीनगर से 4, निवाड़ी से 2, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 6 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 21 लोग शामिल हैं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि ये सभी लोग खुले में शराब पीकर आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे। सभी पकड़े गए लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। पकड़े गए लोगों में युवा और बुजुर्ग दोनों शामिल हैं।

# शिवा डांस इंस्टीट्यूट के 21वें वार्षिकोत्सव में बेटियों ने दिखाया हुनर

**वेलकम इंडिया**





**नोएडा।** शिवा डांस इंस्टीट्यूट ने सेक्टर 62 स्थित गोविंद प्रसाद झुनझुनावाला मेमोरियल हाल में अपना 21वां वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक चिंतक ह्यभारत गौरवह्ण डॉ. जितेन्द्र बच्चन रहे। उन्होंने इंस्टीट्यूट की निदेशक मशहूर नृत्यांगना सोनिका श्रीवास्तव व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

रविवार, 30 मार्च को आयोजित भव्य कार्यक्रम में मेमोरियल हाल गीत-संगीत और नृत्य से प्रेम करने वालों से खचाखचा भरा रहा। बच्चन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भरतनाट्यम, भारत का एक शास्त्रीय नृत्य है। यह नृत्य, भावनाओं को दिखाने और कहानियां सुनाने का एक अनोखा तरीका है। भरतनाट्यम शब्द का अर्थ है ऐसा नृत्य जो भाव, राग और ताल को व्यक्त करता है। उन्होंने शक्ति व साधना के पवित्र अवसर पर सभी को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

वार्षिकोत्सव में इंस्टीट्यूट से जुड़ी बालिकाओं ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। एक छोटी सी बच्ची सोनिया की थीम पर शुरू हुई कहानी करीब दो घंटे तक चली। बेहद खूबसूरती से यह बताया गया एक लड़की का अपना सपना क्या होता है, माता-पिता खुद के सपनों को बच्चों में कैसे पूरा करने के ख्वाब देखते हैं और आधुनिकता की होड़ में बच्चे कभी-कभी माता-पिता को किस तरह वृद्धाश्रम पहुंचा देते हैं। लेकिन जब उन्हें गलती का अहसास होता है और मां-बाप भी बेटी का साथ देते हुए उसे प्रोत्साहित करते हैं तो वही बेटी नृत्य के माध्यम से देश-विदेश में अपना नाम रोशन करती है। अपनी-अपनी बेटियों का हुनर देखकर अभिभावकों की आंखें चमक उठीं। उन्होंने उनकी तारीफ में जमकर तालियां बजाईं। शिवा डांस इंस्टीट्यूट की निदेशक सोनिका श्रीवास्तव ने भी मंच पर प्रस्तुति देकर सभी को रोमांचित कर दिया। वह अपनी भाव-भंगिमाओं के माध्यम से यह बताने में सफल रहीं कि भरतनाट्यम को भारत के कई अन्य शास्त्रीय नृत्यों की जननी माना जाता है। सोनिका श्रीवास्तव ने ह्यराष्ट्रीय जनमोर्चाह्ण को बताया कि इस बार का वार्षिकोत्सव प्रोफेशन को लेकर ही था। लोग पढ़ाई को बहुत महत्व देते हैं लेकिन बच्चों को चाहिए कि पढ़ाई के साथ-साथ कुछ एक्सट्रा हुनर भी सीखना चाहिए। क्योंकि जब हम कुछ अलग करते हैं तो कुछ अलग दिखते भी हैं। इसलिए बहुत जरूरी है कि जीवन में हम कुछ अलग से सीखें और बेहतर करें। सोनिका श्रीवास्तव स्वयं एक कथक नृत्यांगना हैं। उन्होंने बताया कि इस बार के एनुअल फंक्शन डांस के लिए हमने एक छोटी-सी कहानी पर बच्चों को नृत्य की प्रस्तुति देने के लिए तैयार कराया था। कहानी के हिसाब से घरवाले बच्ची से कहते हैं कि उसे डांस नहीं सीखना है, उसको डॉक्टर बनना है। लेकिन बेटी डांस में अपना बेहतरीन कैरियर बनाकर उन्हें बता देती है कि उसका हुनर दुनिया में किसी से कम नहीं है। सोनिया श्रीवास्तव बताती हैं कि भरतनाट्यम में नवरसा या नौ भावनाओं को दिखाया जाता है और ये भावनाएं हैं- प्रेम, हंसी, करुणा, क्रोध, साहस, भय, घृणा, आश्चर्य व शांति। इनमें मुद्राओं यानी हाथ के इशारों, चेहरे के भावों और फुटवर्क का खास इस्तेमाल होता है।

भरतनाट्यम में जो वेशभूषा तैयार की जाती है और आभूषण पहने जाते हैं, उसका भी अपना एक मतलब होता है। मंच का संचालन जानी-मानी एंकर, सिंगर एवं अदाकारा हेमा सक्सेना ने किया। फिर उन्होंने ही बड़ी खूबसूरती के साथ एक गीत गुनगुनाकर कार्यक्रम का समापन कर दिया। इस अवसर पर श्याम श्रीवात्सव, ज्योति आदि उपस्थित रहे।